तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 26.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

# 'एनालॉग' पर लॉक नहीं... सेहत को नुकसान, फिर भी 'चिट्ठी-पत्री' से आगे नहीं बढ़ा मामला

**सेहत के लिए नुकसानदायक बावजूद इसके नहीं लग रहा बिक्री पर प्रतिबंध**

**जांच में नमूने अमानक, गंदगी के बीच निर्माण जैसी कार्रवाई से संतुष्ट अफसर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिल्क पावडर और पॉम आयल से बनने वाला एनालॉग पनीर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। सालभर में करीब 10 हजार किलो पनीर जब्त करने के बाद भी इसका कारोबार धड़ल्ले से जारी है। एफएसएसएआई से लाइसेंस मिलने के कारण सेहत के लिए नुकसानदायक होने के बावजूद इसकी बिक्री पर प्रतिबंध नहीं लग पाया है। सैंपल अमानक, गंदगी के बीच निर्माण जैसे मामले में कार्रवाई कर एफडीए की टीम अपनी औपचारिकता पूरी कर रही है।

नियमतः पनीर का निर्माण दूध से किया जाता है। एनालॉग मिल्क पावडर, वनस्पति और साइट्रिक एसिड के उपयोग से बनाया जाता है। सामान्य पनीर की तुलना में यह सस्ता होने की वजह से व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जमकर खपता है। एनालॉग के ज्यादा उपयोग से सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है और यह हृदय रोगों, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने और पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इस सब के बावजूद विभाग इसके उपयोग को प्रतिबंधित नहीं कर पा रहा है। इसकी वजह भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा इसके निर्माण के लिए लाइसेंस जारी करना है। जांच के दौरान पनीर बनाने वाले संस्थानों पर अमानक तरीके से निर्माण, फैक्ट्री में गंदगी जैसे मामलों में कार्रवाई हो चुकी है, मगर ना तो दूध पावडर से इस कृत्रिम पनीर का निर्माण रुक रहा है और होटल, रेस्तरां सहित अन्य स्थानों पर इसकी बिक्री रुक पाई है।




- एनालॉग पनीर पर कुछ चर्चित कार्रवाई
- 30 दिसंबर 2024 में बिरगांव की फैक्ट्री में छापा मारकर 2500 किलो एनालॉग पनीर जब्त
- 31 दिसंबर 2024 को निमोरा की फैक्ट्री में दबिश देकर 4000 किलो एनालॉग पनीर सीज
- 30 जुलाई 2025 में भाठागांव से करीब 1000 किलो एनालॉग पनीर जब्त, संस्थान सील
- 7 जनवरी 2026 में भाठागांव की दूसरी फैक्ट्री से 1700 किलो एनालॉग पनीर जब्त
- 12 अप्रैल 2026 को भाठागांव और उरला के डेयरी प्रोडक्ट से 1040 किलो एनालॉग पनीर जब्त

इधर

## तीन महीने में ही खुल गई फैक्ट्री

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने रविवार को भाठागांव के जिस एनालॉग पनीर की फैक्ट्री में कार्रवाई की थी, वहां तीन माह पहले भी एक्शन लिया गया था। उस दौरान गंदगी के बीच तैयार किया गया 1700 किलो एनालॉग पनीर जब्त किया गया था। इस दौरान कंपनी संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को बंद करवाया था। लिए गए पनीर के सैंपल की रिपोर्ट तो नहीं मिली, मगर फैक्ट्री में काम फिर चालू हो गया। रविवार को यहां की फैक्ट्री 540 और उरला के डेयरी प्रोडक्ट बनाने वाले संस्थान से 500 किलो पनीर जब्त किया गया था।

## प्रतिबंध लगाने भेजेंगे पत्र व्यापारियों की बैठक भी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल का कहना है कि एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाने एफएसएसएआई को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी बैठकों में इस बात पर प्रारंभिक चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि तब तक राज्य स्तर होटल- रेस्टोरेंट सहित अन्य प्रतिष्ठानों के संचालकों की बैठक लेकर इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने मेन्यू में यह जिक्र करना होगा कि वे ग्राहकों को एनालॉग परोस रहे हैं अथवा पनीर..। इसी तरह इसकी बिक्री करने वालों को भी पैकिंग में एनालॉग का जिक्र करना होगा। फैक्ट्री में लगातार जांच जारी रहेगी और नियमों का पालन नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### थाना के सामने से जब्ती का वाहन चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना के सामने जब्त की गई गाड़ी को चोरी करने के मामले में पुलिस ने वाहन मालिक और उसके चालक को गिरफ्तार किया है। गंज पुलिस के अनुसार यातायात पुलिस ने 7 अप्रैल को फाफाडीह क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित मार्ग पर प्रतिबंधित समय में प्रवेश करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 115/184 के तहत कार्रवाई करते हुए मेटाडोर को जब्ती बनाकर फाफाडीह थाना के सामने खड़ा किया था। यह वाहन उसी रात को चोरी हो गया। जांच में पता चला कि वाहन के मालिक सुभाष साहू ने अपने चालक तुलेश्वर साहू की मदद से वाहन को चोरी करा कर रावांभाठा में खड़ा कराया था। पुलिस ने इस मामले में वाहन मालिक और चालक दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### गांजा प्रकरण में संलिप्त दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने कटोरा तालाब क्षेत्र से 11 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर रितिक पसरिचा 26 वर्ष निवासी दिलशाद गार्डन थाना सीमापुरी जिला शाहदरा दिल्ली ईस्ट हाल पता अशोका हाईट्स मोवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 114 ग्राम ओसियन ग्रो गांजा, प्लास्टिक का जीपन पन्नी 52, दो इलेक्ट्रानिक तराजू, नकद तीन हजार रुपए एवं मोबाइल जब्त किया था। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने इस मामले में मोहित पाल निवासी दिल्ली को रायपुर में गिरफ्तार किया है। मोहित और उसका साथी कुलदीप पाल कुरियर के माध्यम से गांजा एवं ओसियन ग्रो गांजा रायपुर भेजा करते थे।

### सूने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा क्षेत्र के काशीराम नगर स्थित सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को



पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी अजय ठाकुर के सूने मकान में प्रवेश कर आरोपी आकिब कुरैशी 33 वर्ष निवासी काशीराम नगर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने, नकदी सहित कुल 4 लाख 5 हजार रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# कमीशन के चक्कर में बना दी बिल्डिंग और दुकानें, जनता के पैसे की कदर नहीं, लोकेशन पीछे, रोड रास्ता नहीं



- पांचवी बार टेंडर, 12 करोड़ का तीन मंजिला शास्त्री बाजार, 84 दुकानें खाली
- मालवीय रोड के जवाहरबाजार में 7 साल से 11 बड़े हॉल के खरीदार नहीं, सवा करोड़ से डेढ़ करोड़ ऑफसेट प्राइज
- मोवा में नगर निगम की गारमेंट फैक्ट्री, 4 करोड़ के ढांचे की उपयोगिता पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी के अफसरों ने शहर और आउटर के इलाके में करोड़ों खर्च कर कमीशन के चक्कर में बिल्डिंग और दुकानें तो बनवा दीं, पर उसकी उपयोगिता और दुकान व चबूतरा आवंटन पर ध्यान नहीं देने से जनता को इसका फायदा नहीं मिल पाया। उल्टे जनता के टैक्स के पैसे से किए गए निर्माण की देखरेख के अभाव में दीवारों पर सीपेज और दरार उभर आई है। नगर निगम के बाजार विभाग द्वारा इन दुकानों के लिए टेंडर करने के बाद भी दुकानदार, सब्जी विक्रेता और व्यसायी आगे नहीं आए। आलम ये है, रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 12 करोड़ खर्च कर बनवाए गए तिमंजिला हाईटेक ▶▶|शेष पेज 11 पर

**केस 1**

### बहुमंजिला हाईटेक शास्त्री बाजार, 84 दुकानें खाली, पांचवी बार टेंडर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 12 करोड़ की लागत से राजधानी में सर्वसुविधा युक्त हाईजेनिक शास्त्रीबाजार बनवाया गया है। 20 हजार वर्गफीट की जगह पर भूतल पर पार्किंग और तीन तल का सब्जी बाजार बनकर तैयार है। इसके प्रत्येक तल में 21 दुकानें बनाई गई हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नवनिर्मित शास्त्री बाजार का निर्माण कर रायपुर नगर निगम को पहले ही सौंप दिया है। यहां दुकानदारों और बाजार में आने-जाने वालों की पार्किंग और शौचालय की सुविधा दी ▶▶|शेष पेज 11 पर

**केस 2**

### जवाहर बाजार के 11 बड़े हॉल खाली, 1 से 1.50 करोड़ ऑफसेट दर

शहर के प्राइम लोकेशन मालवीय रोड पर स्थित जवाहर बाजार के अलग-अलग फ्लोर पर बनवाए गए 11 बड़े हॉल पिछले 7 साल से खाली पड़े हैं। 30 साल की लीज पर 1400 वर्गफीट से लेकर 2600 वर्गफीट साइज के भव्य हॉल बड़े प्रतिष्ठान के शो रूम या अन्य व्यवसायिक प्रयोजन के उद्देश्य से बनाए गए। जो कि आरक्षण रोस्टर बेस आवंटित किया जाना है। महंगे हॉल का बेसप्राइज 1 करोड़ से लेकर 1.50 करोड़ तक रखी गई है। तृतीय तल में 8 हॉल, दूसरे तल में 3 हॉल खाली पड़े हैं। विभागीय ▶▶|शेष पेज 11 पर

**केस 3**

### मोवा में नगर निगम की गारमेंट फैक्ट्री

निगम सीमा क्षेत्र की 1 हजार महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने नगर निगम ने मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 46 हजार वर्गफीट जगह पर गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने 4 करोड़ खर्च कर ढांचा खड़ा करवाया। इसमें फैक्ट्री के लिए शेड, बाउंड्रीवाल, ड्रेनेज सिस्टम, साइड रोड, महिलाओं के लिए टायलेट व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं जुटाई गईं, पर 3 साल में फैक्ट्री का संचालन करने एजेंसी नहीं ढूंढ नहीं पाए। इसके कारण 4 करोड़ के ढांचा की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। एजेंसी तय ▶▶|शेष पेज 11 पर

**केस 4**

### 6 साल से वीरान पड़ा टिकरापारा का दो मंजिला सब्जी बाजार

शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के टिकरापारा क्षेत्र में हरदेव लाला मंदिर मार्ग में सड़क पर लगने वाले सब्जी बाजार को सुव्यवस्थित करने नगर निगम ने 26 लाख खर्च कर 2 मंजिला पक्का सब्जी बाजार बनवाया। 6 साल से यह वीरान पड़ा है। दीवारों पर सीपेज और दरार होने के साथ ही गंदगी पसरी हुई है। सब्जी विक्रेता के लिए बनाए गए 40 से ज्यादा पक्के चबूतरे और दुकानें अब तक आवंटित नहीं हो पाई। आलम ये है कि सांझ ढलते ही यहां नशेड़ियों का जमावड़ा ▶▶|शेष पेज 11 पर

# ई-रिक्शा हुए बेलगाम, सड़क पर ऑटो का इंतजार कर रही महिला को रौंदते हुए स्कूटी सवार को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हादसे में महिला के सिर-चेहरे, पीठ पर आई कई चोटें, युवक भी घायल

राजधानी रायपुर की सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शाएं अब बेलगाम हो गए हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए ई-रिक्शा के चालक अब सड़क पर चल रहे आम लोगों की परवाह भी नहीं कर रहे हैं तथा अंधाधुंध वाहन चलाकर दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी ही एक दुर्घटना का विडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक ई-रिक्शा सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

आरोपी ई-रिक्शा चालक को पकड़ने के लिए पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाल रही है, जिससे फरार चालक और वाहन की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### रात के समय नशे में ड्राइविंग कर रहे ई-रिक्शा चालक

इस घटना के विडियो फूटेज से स्पष्ट है कि ई-रिक्शा चालक किस लापरवाही और तेज गति से वाहन चला रहे हैं। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके चालक को होश भी नहीं था कि सड़क के किनारे कोई महिला खड़ी है। इस घटना को देखते हुए पुलिस आशंका जता रही है कि चालक घटना के समय नशे में रहा होगा। हालांकि शहर में ऐसे कई रिक्शा चालक हैं, जो रात के समय में नशा करके ही ड्राइविंग कर रहे हैं।

### दुकान में शराब लेने-पीने ई-रिक्शा से पहुंच रहे चालक

शहर में संचालित शराब की दुकान और अहाता में कई ई-रिक्शा चालक वाहन लेकर पहुंच रहे हैं। ई-रिक्शा को सड़क पर खड़ा कर चालक दुकान से शराब लेकर अहाता में बैठकर पीते हैं। शराब पीने के बाद देर रात शहर में ई-रिक्शा भी चला रहे हैं। इसके अलावा कई रिक्शा चालक अन्य सूखा नशा करके भी ड्राइविंग कर रहे हैं।




**तय समय पर हो सके 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा, इसलिए कवायद**

# दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट पहली बार 30 से पहले आएंगे!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अब तक मई के प्रथम पखवाड़े में घोषित किए जाते रहे हैं नतीजे

**खास खबर**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, माशिम 30 अप्रैल के पूर्व परीक्षा परिणामों की घोषणा कर सकता है। माशिम 10वीं-12वीं की परीक्षाएं बीते शैक्षणिक सत्र से वर्ष में दो बार आयोजित कर रहा है। द्वितीय परीक्षाएं नवीन सत्र के दाखिले समाप्त होने के पूर्व आयोजित की जा सके, इसलिए प्रथम परीक्षाएं शीघ्रतापूर्वक संपन्न कराई जा रही हैं। माशिम ने इस वर्ष परीक्षाओं की शुरुआत भी मार्च के स्थान पर फरवरी माह से की थी। 10वीं की परीक्षा में 3.21 लाख तथा 12वीं की परीक्षा में 2.45 लाख छात्र शामिल हुए थे। 14 मार्च को आयोजित बारहवीं कक्षा का हिंदी विषय का पर्चा लीक होने के कारण माशिम को इसका आयोजन 10 अप्रैल को पुनः करना पड़ा। इसका प्रभाव मूल्यांकन कार्य पर पड़ा। दसवीं कक्षा का मूल्यांकन बारहवीं के पूर्व संपन्न कर लिया गया तथा इसके परिणाम तैयार करने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 5वीं-8वीं का मूल्यांकन भी अंतिम चरण में

शासकीय विद्यालयों सहित निजी स्कूलों की परीक्षाएं भी वर्तमान सत्र में केंद्रीकृत स्तर पर हुई हैं। पर्चा होने के तत्काल बाद शिक्षकों को निर्देश दिए गए थे कि वे छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें। अधिकतर स्कूलों में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब अंकसूची तैयार करने की प्रक्रिया को अंतिम चरण में है। इनके परिणाम भी अप्रैल अंत तक जारी कर दिए जाएंगे। ऐसे विद्यार्थी जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, उनके लिए पुनः परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### सीबीएसई परिणाम 15 से 20 अप्रैल के मध्य

इधर, सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा के छात्रों का भी इंतजार अब खत्म होने के करीब है। बोर्ड 10वीं के परीक्षा परिणाम 15 से 20 अप्रैल के बीच घोषित कर सकता है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट्स पर जाकर अपना परिणाम देख सकेंगे। डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर दिए गए अपडेट के अनुसार, सीबीएसई 10वीं के नतीजे जल्द ही उपलब्ध कराए जा सकते हैं। जिन छात्रों की अपार आईडी पहले से सीबीएसई रिकॉर्ड्स से लिंक है, वे अपना रिजल्ट सीधे डिजिलॉकर में देख पाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने आधार नंबर की मदद से लॉग इन करना होगा। अगर किसी छात्र के पास अपार आईडी नहीं है, तो उन्हें पहले डिजिलॉकर पर अपना अकाउंट बनाना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बेमता में श्रद्धा के साथ मनाई भक्त कर्मा जयंती

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम बेमता में भक्त कर्मा माता की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। इस उत्सव की शुरुआत सुबह 10 बजे साहू भवन से कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात मां कर्मा की पूजा अर्चना करने के बाद महाआरती किया गया। विधायक निधि से साहू भवन का जिर्णोद्धार कराया गया है जिसका अतिथियों ने फीता काट कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का ग्रामीणों के द्वारा व सामाजिक जनों के द्वारा पुष्प हार चंदन लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला साहू संघ अध्यक्ष देवनाथ साहु, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, किसान नेता राजू शर्मा, जनपद सदस्य चांदनी शत्रुहन यदु, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, तहसील साहू संघ अध्यक्ष मनीराम साहू, संरक्षक पोषण साहू, उपाध्यक्ष गीरेंद्र साहू, संगीता साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष साहू उपाध्यक्ष मुकेश साहू, सोनम साहू, संगठन सचिव दुष्यंत साहू, रत्नी साहू, सरपंच जगराखन साहू, उप सरपंच चेतन वर्मा, सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष तखत साहू ने किया।

### संगठन ने सुंदरकांड का पाठ किया

**आरंग।** मंगलवार को श्री नारायण वन हनुमान मंदिर, महामाया पारा के पास राजा मोरध्वज आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक मानस संगठन के सदस्यों के द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, आरती एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तों ने जनकल्याण एवं सभी जीवों के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर मानस लोधी, हिरालाल साहू, अवध विश्वकर्मा, संतोष लाला, लोधी धनऊ, धुरंधर विनोद गुप्ता, गुरुजी ओंकार विश्वकर्मा, सत्यम झा सहित बड़ी संख्या में मुहल्लावासी उपस्थित रहे।

# गांव, गरीब और किसान की उन्नति ही भाजपा का मूल मंत्र : बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित गांव चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम नायकबांधा पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भाजपा गांव, श्रमिक और किसान की पार्टी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार गांव के विकास तथा ग्रामीणों के उत्थान के लगातार प्रयास कर रही है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत किसानों का धान 2500 रूपये में खरीदा जा रहा है इसी प्रकार पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रति माह 1000 रूपये प्रदान किये जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना चला रही है। "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास" के मंत्र के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, उजाला योजना और जन धन योजना से ग्रामीण परिवार लाभान्वित हो रहें है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य सभी ग्रामीण घरों को नल कनेक्शन के माध्यम से विशुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है।

## नायकबांधा में गूंजा सबका साथ-सबका विकास



### नियादी ढांचे और कौशल विकास पर जोर

श्री बजाज ने कहा कि ग्रामीण आजीविका और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना और मिशन अंत्योदय जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जो ग्रामीण भारत के समग्र विकास के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गांव चलो अभियान के तहत चौपाल में श्री बजाज ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों का सम्मान किया तथा कार्यकर्ताओं के साथ अनेक हितग्राहियों के घर भी गए। कार्यक्रम में विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनिल अग्रवाल, ग्राम पंचायत नायकबांधा की सरपंच भारती साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र बंजारे, नगरपालिका परिषद अभनपुर के पूर्व अध्यक्ष कुंदन बघेल, नगरपालिका परिषद अभनपुर के पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री सूरज साहू, गौरव शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रोहित कुर्रे, सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती चेतना गुप्ता, श्रीमती शारदा साहू, नवापारा मंडल के पूर्व महामंत्री नवल साहू, आईटी सेल जिला संयोजक हितेश मंडई, नवापारा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक नागवानी नवापारा, पूर्व सोशल मीडिया जिला प्रभारी वरुण राठी, भाजयुमो अभनपुर के मंडल अध्यक्ष सागर साहू, भाजयुमो मंडल महामंत्री समीर यदु, कान्हा गोस्वामी, पूर्व एल्डरमैन व राष्ट्रीय मछुआरा संघ के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष हेमंत तारक ग्रामवासी उपस्थित थे।

**हादसा :** अग्रसेन चौक के पास हादसा, गुस्साए लोगों ने भागते हुए ट्रेलर चालक को दबोचा

# आधार कार्ड अपडेट कराकर लौट रही महिला को ट्रेलर ने कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

शहर के व्यस्ततम मार्ग पर मंगलवार की रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। अग्रसेन चौक और गुरु घासीदास चौक के बीच एक बेकाबू ट्रेलर ने बाइक सवार परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हृदयविदारक घटना में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो बच्चे बाल-बाल बच गए। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 15 की निवासी परमेश्वरी मानिकपुरी मंगलवार को अपने बेटे और बेटी के साथ नेवरा स्थित चॉइस सेंटर गई थी। वहां आधार कार्ड के नवीनीकरण (अपडेट) का काम पूरा करने के बाद तीनों पल्सर बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। उन्हें क्या पता था कि घर पहुंचने से पहले ही मौत उनका रास्ता रोककर खड़ी है।



### मौके पर मचा कोहराम, लोगों ने दिखाया साहस

हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। मां की आंखों के सामने हुई मौत देख बच्चे बदहवास हो गए। इस बीच चालक ने ट्रेलर लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर ट्रेलर को रुकवाया और आरोपी चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा-नेवरा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

### ट्रेलर के पहियों के नीचे आई महिला

चॉइस सेंटर से कुछ ही दूरी पर अग्रसेन चौक और गुरु घासीदास चौक के बीच पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े। बेटा और बेटी सड़क के दूसरी ओर गिरे, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन परमेश्वरी सीधे ट्रेलर के पिछले पहियों की चपेट में आ गई। भारी-भरकम पहियों के नीचे आने से महिला का शरीर क्षत-विक्षत हो गया और मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच जारी

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारी ट्रेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर मामला तेज रफ्तार और लापरवाही का लग रहा है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या व्यस्त सड़क पर ट्रेलर की गति निर्धारित सीमा से अधिक थी।

### शहर में सुरक्षा पर उठे सवाल

इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शहर के मुख्य चौकों के बीच भारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार अक्सर जानलेवा साबित हो रही है। वार्डवासियों ने मृतका के परिवार के लिए मुआवजे और शहर के भीतर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है।

# 3.15 करोड़ रुपए की संकरी धनसुली सड़क का लोकार्पण



**धरसींवा।** क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने विकास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ग्राम संकरी में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

■ संकरी में विधायक अनुज शर्मा ने दी करोड़ों की सौगात

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विधायक ने न केवल बुनियादी ढांचों को मजबूती दी, बल्कि अपने संबोधन में विपक्ष को भी जमकर आड़े हाथों लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके बाद विकास की नई इबारत लिखते हुए विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की गई। विधायक अनुज शर्मा ने 3.15 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित संकरी-धनसुली मार्ग का लोकार्पण किया। लंबे समय से जर्जर मार्ग की मार झेल रहे ग्रामीणों के लिए यह सड़क एक बड़ी राहत बनकर आई है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। इसके साथ ही 5 लाख रुपये की लागत से गोडमर्रा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी जनता को समर्पित किया गया। अब यह तालाब न केवल जल संरक्षण का माध्यम बनेगा, बल्कि ग्रामीणों के लिए एक सुंदर स्थल के रूप में भी विकसित होगा। अंतिम संस्कार के दौरान धूप और बारिश से होने वाली समस्याओं को देखते हुए 9.40 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम में शेड निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला दिलेन्द्र सेन, उपाध्यक्ष दिनेश खुटे, सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे ,पूर्व सरपंच तिहारु सिन्हा सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।






# पीएचई के कार्यभारित कर्मियों को मिलेगा अवकाश नगदीकरण, हाईकोर्ट में लड़कर जीते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यभारित कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण दिया जाएगा। खास बात ये है कि इन कर्मियों ने अपनी इस मांग के लिए हाईकोर्ट तक लड़ाई लड़ी और उनके हक में आदेश पारित हुआ है। इसके बाद सरकार के वित्त विभाग ने निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट के फैसले का पालन किया जाए।

### हाईकोर्ट में पेश की थी याचिका

इस संबंध में प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विभाग ने उन कर्मचारियों की सूची जारी की है जिन्होंने उच्च न्यायालय में याचिकाएँ दायर की थीं । सक्षम स्तर से उनके 'कार्यभारित कर्मचारी' होने की पुष्टि होने के उपरांत नियमानुसार देय अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान तत्काल प्रभाव से किया जाएगा । लाभान्वित होने वाले प्रमुख याचिकाकर्ता:जिन कर्मियों ने अवकाश नगदीकरण के लिए हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी, और फैसला उनके पक्ष में हुआ है, उन्हें ही इसका लाभ मिलेगा। लाभान्वित होने वाले कर्मी इस प्रकार है। कुंती बाई साहू , जानकी मानिकपुरी, सहोदरा देवी देवांगन, बृजलाल, देवशरण चंद्राकर,परवीन खान,जागेश्वर राम यादव, रामकुमार सतनामी, जग्गूराम साहू, हीरामन भगत, सुकल कश्यप।




### ये है मामला

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित विभिन्न आदेशों के परिपालन में कार्यभारित कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण की राशि भुगतान करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है । यह निर्णय वित्त विभाग के उस परामर्श के बाद लिया गया है जिसमें न्यायालयीन आदेशों का अक्षरशः पालन करने का सुझाव दिया गया था ।

### अवकाश नगदीकरण क्या है

अवकाश नगदीकरण एक वित्तीय सुविधा है जिसके तहत किसी कर्मचारी को उसके द्वारा उपयोग न किए गए अर्जित अवकाश के बदले नकद राशि प्रदान की जाती है। यह लाभ उन कार्यभारित कर्मचारियों को दिया जा रहा है जिन्होंने माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में याचिका दायर की थी । सरल शब्दों में, जब कोई कर्मचारी अपनी सेवा के दौरान मिलने वाली छुट्टियों का पूरा उपयोग नहीं करता, तो सेवानिवृत्ति या विशेष परिस्थितियों में सरकार उन बची हुई छुट्टियों के बदले कर्मचारी को वेतन के बराबर पैसा देती है ।

### भुगतान की प्रक्रिया और बजट

विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस भुगतान के लिए मद क्रमांक 06-का उपयोग किया जाएगा । संबंधित खंड कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे शासन के निर्देशों के अनुसार भुगतान की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें । नोडल अधिकारियों को उच्च न्यायालय और महाधिवक्ता कार्यालय को भुगतान की सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं । इसके साथ ही कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे कर्मचारियों की सेवा स्थिति की पुष्टि कर जल्द से जल्द राशि का वितरण करें ।

## खबर संक्षेप

### सीएम 515 नई पैक्स समितियों का आज करेंगे शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सहकारिता को नई दिशा देने और किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग द्वारा 515 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का गठन किया गया है। इन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मंत्रालय से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि सहकारिता मंत्री केदार कश्यप कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### कैबिनेट आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को बुलाई गई है। मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे होने वाली बैठक में मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में धान सरप्लस की नीलामी करने लिए गए निर्णय को लेकर मुहर लगेगी। वहीं बस्तर से नक्सलवाद का सफाया करने के बाद बस्तर 2.0 प्रोजेक्ट को लेकर कैबिनेट में चर्चा की जाएगी।

### संविधान की रक्षा करने कांग्रेस कार्यकर्ता सब कुछ निछावर करने तैयार



**रायपुर।** आंबेडकर जयंती पर कांग्रेस भवन रायपुर शहर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, उन्होंने एक ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिस पर इस देश ही नहीं, बल्कि सारा जहां उस पर गर्व करता है। विश्व के अन्य देश उसका अनुसरण भी करते हैं। संविधान के दम पर आज भारत एकता एवं अखंडता के एक सूत्र में बंधकर विकास करते हुए विश्व के पांच प्रमुख देशों में शुमार हो चुका है।


### नाम परिवर्तन

यह सूचित किया जाता है कि मैं, अक्षयी तिवारी, पत्नी रोहित तिवारी, निवासीः मंगल भवन, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, कोटा, रायपुर (छ.ग), ने अपना पुराना नाम अक्षयी शशिकांत शर्मा बदलकर अब अक्षयी तिवारी रख लिया है।

भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम अक्षयी तिवारी पत्नी रोहित तिवारी के रूप में ही पहचाना व संबोधित किया जाए।

**नामः अक्षयी तिवारी**
**पताः मंगल भवन, लक्ष्मीनारायण मंदिर, कोटा, रायपुर (छ.ग.)**


समरसता भोज में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# बाबा आंबेडकर जयंती पर सीएम साय बोले- संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के शंकरनगर स्थित दुर्गा मैदान पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ बैठकर भोजन किया तथा स्वयं लोगों को भोजन परोसकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संविधान का निर्माण करने का गौरव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को प्राप्त है। उन्होंने कहा, यह संविधान देश के 140 करोड़ नागरिकों को समानता, अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा, संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। मुख्यमंत्री ने कहा, बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्चतम स्थान प्राप्त किया और समाज के वंचित, शोषित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने नारी शिक्षा और सम्मान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले द्वारा प्रारंभ किए गए नारी शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के अभियान को बाबा साहेब ने आगे बढ़ाया और उसे नई दिशा दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के जन्म, शिक्षा, दीक्षा, कार्य और समाधि स्थलों को "पंच तीर्थ" के रूप में विकसित कर उन्हें सच्चा और स्थाई सम्मान दिया जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समरसता का प्रेरक उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समरसता भोज जैसे आयोजन सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने की मजबूत व्यवस्था दी। आज मुख्यमंत्री श्री साय और के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। समरसता भोज कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती मोना सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### साय ने किया नमन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक श्री रोहित साहू एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा संगठन को अगले माह नया प्रदेश प्रभारी मिलने की संभावना

- पहली बार कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष पांच माह से प्रदेश के प्रभारी भी हैं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की नई कार्यकारिणी का ऐलान बंगाल चुनाव के बाद अगले माह होने की संभावना है। इसी के साथ यह भी तय है कि प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी भी मिलेगा। पहली बार ऐसा हो रहा है कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पांच माह से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास ही छत्तीसगढ़ का प्रभार भी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई टीम के साथ ही राज्यों के प्रदेश प्रभारी भी तय होंगे तो इसमें छत्तीसगढ़ को नया प्रदेश प्रभारी मिल जाएगा। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नबीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब श्री नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा।

# पहली बार होगा ऐसा, मंच पर रहेंगी महिलाएं सीएम साय और सरोज पांडेय मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर





राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरिटम में बुधवार को दोपहर दो बजे एक ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जिसमें पहली बार मंच पर महिलाएं ही रहेंगी और मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता होने के नाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ही मंच पर रहेंगे। पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय भी मुख्य वक्ता रहेंगी। कार्यक्रम में मंच पर अलग-अलग क्षेत्र की महिलाओं को स्थान दिया जाएगा। जहां स्वागत भाषण प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े देंगी, वहीं कार्यक्रम का पूरा संचालन कार्यक्रम की प्रभारी रायपुर की महापौर मीनल चौबे करेंगी। कार्यक्रम में आमंत्रित प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं को मंच के सामने स्थान दिया जाएगा।

नारी शक्ति वंदन को लेकर भाजपा के प्रदेश संगठन ने प्रदेशभर में कई आयोजन करने का फैसला किया है। इसमें सबसे बड़ा आयोजन बुधवार को राजधानी रायपुर में साइंस कॉलेज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे को दी गई है। इसी के साथ महिलाओं की पूरी टीम मिलकर आयोजन के लिए जुटी हैं। आयोजन से जुड़ी भाजपा महिला मोर्चा की विभा अवस्थी ने बताया आयोजन से पहले सुबह को 11 बजे आजाद चौक से एक हजार महिलाओं की स्कूटी रैली निकलेगी जो आयोजन स्थल पहुंचेंगी।

### मंच पर रहेंगी ये महिलाएं

कार्यक्रम को लेकर तय किया गया है कि इस कार्यक्रम में मंच पर सिर्फ महिलाओं को ही स्थान दिया जाएगा। एकमात्र पुरुष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे, क्योंकि वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, रायपुर की महापौर मीनल चौबे, महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी के अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को मंच पर स्थान दिया जाएगा। ऐसी महिलाओं में पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे, कला और संगीत के क्षेत्र से जुड़ी उषा बारले, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी शुभ्रा शर्मा शामिल हैं। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया जाएगा।

### वेदांता प्लांट की घटना पर डॉ. महंत ने जताई चिंता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सक्ति जिला स्थित वेदांता प्लांट में हुई घटना पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, आसमायिक घटना में हम सभी पीड़ति परिवार के साथ हैं। नेता प्रतिपक्ष ने घटना की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल सक्ति जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर विस्तृत चर्चा की, घटना के कारणों और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि घायल श्रमिकों को त्वरित और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए। घटना की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित की जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा, घटना में अब तक 9 लोगो की मौत और 50 से अधिक लोग घायल हैं। यह पूरी तरह से वेदांता प्रबंधन की घोर लापरवाही का नतीजा है।





DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रथम पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती डॉ. ऊषा धुप्पड़ जी
धर्मपत्नी - स्व. श्री सुभाष धुप्पड़ जी
स्वर्गवास : 15 अप्रैल 2025

प्रत्येक बीता क्षण आपकी निकटता का अहसास दिलाता है,
आपकी मुक्त हंसी हर पल एक रिक्तता दर्शाती हैं।
हमारे जीवन का हर पल आपके आदर्शों को समर्पित रहे।

प्रथम पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन।

तमन्ना धुप्पड़

डॉ श्रीराम धुप्पड़
मनीष, सुनील, गौरव धुप्पड़
डॉ. प्रकाश गुप्ता

Khanna

द छत्तीसगढ़ ऑटो केयर्स | राजधानी ऑटो केयर | छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेड प्रा.लि.




**खबर संक्षेप**

## ग्राम कुथरेल में जल संकट नलों में नहीं आ रहा पानी

**सिलयारी।** भीषण गर्मी के बीच धरसींवा क्षेत्रों में जलसंकट गहराया जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कुथरेल में जलसंकट गहराया जा रहा है ग्रामीण पिछले दो माह से पानी के लिए भटकते-भटकते रहे हैं गांव में कुछ वार्ड में पानी की सप्लाई ठप है। बताया जा रहा है कि गंगरेल बांध से निस्तारण के लिए नालों में पानी छोड़ दिया गया है मगर ग्रामीणों का कहना है हमारे गांव की हालात यह है कि नलों में पानी नहीं आ रहा। लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी भटकना पड़ रहा है।इस समस्या में गांव के सरपंच व जनप्रतिनिधि इस पर किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं न तालाबों में निरस्ती के लिए पानी नहीं पहुंच पाई है। मौन बैठकर गांवों तमाशा देख रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। जिससे परेशान ग्रामीण अब भागवान भरोसे है।

## श्याम बाजार गली में बोर खनन

**आरंग।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्र. 8 श्याम बाजार (पुनाराम गली) में मंगलवार को पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए बोर खनन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने पूजा-अर्चना कर कार्य की शुरुआत की। यह कार्य पार्षद निधि के माध्यम से कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को गर्मी के मौसम में राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संदीप जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी और जलस्तर में गिरावट को देखते हुए वार्डों में पेयजल की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्य लगातार किए जाएंगे।

**गड़बड़ी :** तालाब को बनाया मौत का गड्ढा, ग्रामीणों की कलेक्टर व एसडीएम से शिकायत

# मौहगांव में तालाब गहरीकरण, सरपंच पति पर एक हजार हाइवा मुरम बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

धरसींवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मौहगांव में निस्तारी तालाब की अवैध खुदाई और मुरम तस्करी का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने सरपंच पति पर पचरी निर्माण और गहरीकरण की आड़ में करीब 5 एकड़ में फैले 'भुतहा तालाब' से भारी मात्रा में मुरम निकालकर निजी कंपनियों को बेचने का गंभीर आरोप लगाया है।

ग्रामीणों के अनुसार, शुरुआती तौर पर तालाब की सफाई और मामूली गहरीकरण की बात कही गई थी। लेकिन देखते ही देखते तालाब को 10 से 15 फीट तक गहरा खोद दिया गया। आरोप है कि सरपंच पति बिरेंद्र वर्मा, जो स्वयं ट्रेडर्स और सप्लायर का काम करते हैं, उन्होंने दो चैन माउंटेड जेसीबी मशीनों के जरिए दिन-रात खुदाई करवाई। ग्रामीणों का दावा है कि लगभग एक हजार हाइवा मुरम निकालकर स्टील प्लांट और अन्य निजी निर्माण कार्यों में खपा दी गई।





### विरोध के बाद भी नहीं रुका काम, ग्रामसभा से बनाई दूरी

ग्रामीणों ने बताया कि जब खुदाई 7-8 फीट तक पहुंची, तभी इसका विरोध शुरू हो गया था। तब माइनिंग परमिशन होने का आश्वासन देकर काम जारी रखा गया। पारदर्शिता पर सवाल तब और गहरा गए जब इस मामले को लेकर बुलाई गई ग्रामसभा की बैठक में सरपंच पति शामिल नहीं हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामसभा अध्यक्ष अमरलाल गायकवाड़, पूर्व सरपंच बिहारी लाल भारती, नानकराम कोसले, चेतन भारती, गोपी यादव, कोटवार अश्वनी दास, सनत कोसले, यशवंत गायकवाड़, लखन बंजारे और पप्पू भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर रायपुर और एसडीएम धरसींवा को ज्ञापन सौंपा है।

### निस्तारी पर संकट, मौत का गड्ढा बना तालाब

भुतहा तालाब गांव का प्रमुख निस्तारी स्रोत है, जहां ग्रामीण और पशुधन अपनी पानी की जरूरतें पूरी करते हैं। अनियंत्रित और बेतरतीब खुदाई के कारण तालाब की संरचना पूरी तरह बिगड़ गई है। खुदाई के बाद निकले बड़े-बड़े पत्थर और मलबा वहीं छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि 15 फीट गहरा होने के कारण अब यह तालाब उपयोग योग्य नहीं रह गया है और बरसात में किसी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकता है।

**ग्रामीणों की मुख्य मांगें :** मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की जाए। मुरम बिक्री से प्राप्त राशि की वसूली कर पंचायत के खाते में जमा हो। दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई हो। तालाब का समतलीकरण कर उसे पुनः निस्तारी योग्य बनाया जाए।

## अंबेडकर जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब



**तिल्दा नेवरा ।** तिल्दा नगर में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस और भाजपाईयो ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया गया। वार्ड 17 में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहां की अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष एवं पार्षद रानी जैन ने कहा कि अंबेडकर जी के विचार आज भी समाज को समानता न्याय और भाईचारे की दिशा में प्रेम प्रेरित करते है ।पार्षद जैश पैकरा ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और समाज में समरसता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का आव्हान किया उन्होंने कहा कि शिक्षा जागरूकता एवं संवैधानिक मूल्यों की प्रति सम्मान ही एक सशक्त और विकसित समाज की आधारशिला है। भाजपा नेता राम पंजवानी ने कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की संविधान की रचना को पूरी दुनिया सलाम करती है। प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाती मोर्चा चन्द्र कुमार पाटिल ने कहा की इस संविधान निर्माता बाबा साहेब के योगदान को ना केवल देश बल्कि दुनिया ने सराहा है, आज उनकी जयंती है, हम सभी उन्हें नमन करते हैं.इस मौके पर उपस्थित लोगों ने डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया कार्यक्रम में भाजपा के शहर महामंत्री सौरभ जैन, लख्मीचंद नागवानी, धर्मेन्द्र डहरिया, मनीषा वर्मा, अमितोष धीरज आदि शामिल हुए। इसी तरह वार्ड नंबर 4 में अंबेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता के कृष्णमूर्ति, दुर्गेश नशीने, हरिराम. डॉ नायक. ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## आरंग की साक्षी ने राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी गौरा में बिखेरी चमक

**आरंग।** महंत घासीदास संग्रहालय की आर्ट गैलरी में आयोजित 'गौरा' तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में नई पीढ़ी के कलाकारों का उत्साह देखने को मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में आरंग की निवासी और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय (खैरागढ़) की एम.एफ.ए. (मास्टर्स) की छात्रा साक्षी साहू अपनी विशिष्ट कलाकृति के साथ शामिल हुईं। मिक्स मीडिया और कोलाज का अनूठा प्रयोग अपनी कला शिक्षा को गहराई से समझ रहीं साक्षी ने इस प्रदर्शनी के लिए 'मिक्स मीडिया और पेपर कोलाज' तकनीक को चुना है। जहां आम तौर पर ब्रश और रंगों का सीधा प्रयोग होता है, वहीं साक्षी ने कागजों के सूक्ष्म संयोजन और विभिन्न माध्यमों के मेल से एक अद्भुत लैंडस्केप (दृश्य चित्र) तैयार किया है। उनकी यह शैली उनकी तकनीकी पकड़ और आधुनिक सोच को प्रदर्शित करती है। गांव की स्मृतियों को दी नई पहचान साक्षी ने अपनी इस पेंटिंग के माध्यम से ग्रामीण परिवेश को उतारने की सफल कोशिश की है। एक कला छात्रा के रूप में उन्होंने अपने आस-पास के वातावरण और गांव की सहजता को जिस बारीकी से कोलाज के जरिए दर्शाया है, वह दर्शकों को खूब लुभा रही है।

## पेज 9 के शेष

### कमीशन के चक्कर ...

शास्त्री बाजार की 84 दुकानें 4 बार टेंडर के बाद भी सेलआउट नहीं हो पाईं। नगर निगम का बाजार विभाग अब इसके लिए पांचवी बार टेंडर करने जा रहा है। दुकानें नहीं उठने का बड़ा कारण नवनिर्मित शास्त्री बाजार का लोकेशन मुख्य मार्ग से पीछे होना है, यहां तक आने व जाने के लिए रोड-रास्ता नहीं होना दूसरा प्रमुख कारण है। सब्जी विक्रेताओं के लिए ये दुकानें फ्लोर वाइज 20 लाख से लेकर 33 लाख रुपए के ऑफसेट दर पर उपलब्ध है। इसी तरह मालवीय रोड के जवाहर बाजार के 11 बड़े हॉल को 7 साल बाद भी खरीदार नहीं मिले।

### बहुमंजिला हाईटेक शास्त्री बाजार...

गई है। बाजार विभाग ने इन दुकानों को सेलआउट करने 4 बार ऑनलाइन टेंडर किया, पर दुकानें लेने कोई भी आगे नहीं आया। हालत ये है कि इन दुकानों को विक्रय करने 5वीं बार टेंडर करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक नवनिर्मित शास्त्री बाजार का लोकेशन मुख्य मार्ग से पीछे होने और वहां तक आने-जाने के लिए समुचित रोड, रास्ता नहीं होने से दुकानदार दुकान लेने से बिदक रहे हैं। फ्लोरवाइज इन 84 दुकानों की आफसेट दर 20 लाख से 33 लाख रखी गई है।

### जवाहर बाजार के 11 ...

अधिकारियों का कहना है कि 11 हॉल बरसों से खाली होने से अब तक 14 करोड़ का नुकसान नगरनिगम को हुआ है। यही नहीं आवंटन स्वीकृत होने पर 2 फीसदी किराया की राशि भी नगर निगम को मिलती जो कि हॉल खाली होने से नहीं मिल रही है।

### मोवा में नगर निगम की गारमेंट...

करने नगर निगम से 2 बार ऑनलाइन टेंडर हुआ, पर एक भी एजेंसी इसके लिए आगे नहीं आई। पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री का संचालन होना है, पर एजेंसी तय नहीं होने से गारमेंट फैक्ट्री केवल ढांचा बनकर रह गई। अब महापौर मीनल चौबे की परिषद ने अपने नगर निगम बजट में इसके लिए प्रावधान रखा है, पर खंडहर के रूप में खड़े ढांचे की दीवार बदरंग हो चली है।

### 6 साल से वीरान पड़ा...

होने से लोग परेशान हैं। साथ ही अभी भी मुख्य मार्ग की सड़क पर सब्जी व मटन बाजार लगने से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

### ई-रिक्शा हुए बेलगाम, सड़क पर...

रही एक महिला को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना के दौरान ई-रिक्शा चालक ने एक स्कूटी सवार युवक को भी टक्कर मारकर गिरा दिया, जिससे उसे भी चोटें आई हैं। विडियो फूटेज और घायल महिला की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर ई-रिक्शा चालक को तलाश कर रही है। पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 5 अप्रैल की रात के समय अश्विनी नगर स्थित अरिहंत कॉम्प्लेक्स के सामने की है। इस घटना के समय घायल महिला जिसका नाम पूर्णिमा है, ऑटो रिक्शा का इंतजार करते सड़क के किनारे खड़ी थी। इस दौरान एक ई-रिक्शा तेज गति से आया और महिला को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। महिला को रौंदने के बाद ई-रिक्शा चालक ने एक स्कूटी सवार युवक को भी टक्कर मारी, जिससे वह भी सड़क पर गिर गया। इससे उसे भी चोटें आई हैं। इस घटना में पूर्णिमा के सिर, चेहरा और पीठ पर गहरी चोटें आई हैं। घटना के बाद महिला को एक निजी हास्पिटल में दाखिल कराया गया था, जहां ईलाज के दौरान सिर पर 18 टांके लगे हैं। इधर स्कूटी सवार युवक को भी हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

### दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट पहली...

की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके उलट बारहवीं कक्षा का मूल्यांकन एक दिन पूर्व ही पूरा किया गया है। अब इसके भी परिणाम तैयार किए जाएंगे। दसवीं के परिणाम मौजूदा माह में घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि बारहवीं के नतीजों में अपेक्षाकृत विलंब संभावित है।




## भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव 19 को

रायपुर। भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था द्वारा 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम की भव्य व विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा परशुराम सेवा समिति गुढ़ियारी एवं समस्त विप्र समाज के सहयोग से निकाली जाएगी। साथ ही संस्था द्वारा श्यामनगर भवन समता कॉलोनी में 18 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा व प्रचार-प्रसार मंत्री रविकांत शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, राठौर चौक से प्रारंभ होकर रामसागर पारा, बढ़ईपारा, ललता चौक, तात्यापारा, सत्ती बाजार चौक होते हुए अम्बा मंदिर सत्तीबाजार, कंकालीपारा, आनंद वाचनालय के बाजू गेट से प्रवेश कर अम्बा मंदिर भवन पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में समाज के सभी पुरुष, महिलाएं, युवा व बच्चे शामिल होंगे। शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा व पेय पदार्थ, फल फ्रूट से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश की राजनैतिक एवं सामाजिक विभूतियों को आमंत्रित किया गया है अम्बा मंदिर भवन में मंचीय व्यवस्था है। इसके बाद भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है।

## निधन

### अशोक साहू



रायपुर। रायपुर निवासी जिला सहकारी बैंक से सेवानिवृत्त अशोक साहू जोरा पारा वाले 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे उनके निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सुनील साहू के बड़े भाई थे।

### रमा देवी पटेरिया



रायपुर। सुंदरनगर निवासी रमा देवी पटेरिया का 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अरविंद पटेरिया की पत्नी और स्व. प्रभाकर, रवींद्र, धीरेंद्र एवं जितेंद्र पटेरिया की मात थीं।

### सरोजिनी धर दीवान



रायपुर। राजिम तहसील के किरवई निवासी सरोजिनी धर दीवान का 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे राजिम के रामघाट में किया जाएगा। वे प्रदीपधर दीवान की माता थीं।

### अमरधारी मिश्रा



रायपुर। बजरंगनगर आमापारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार अमरधारी मिश्रा का 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी।

### करतार सिंह संधू



रायपुर। वीर सावरकर नगर हीरापुर निवासी सरदार करतार सिंह संधू (80) का 13 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से जरवाय मुक्तिधाम हीरापुर के लिए निकलेगी। वे ओंकार सिंह संधु के पिता और हरजीत, हरप्रीत के चाचा थे।

# बिना फार्मर आईडी किसानों को समितियों से नहीं मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी है। जिन किसानों की फॉर्मर आईडी होगी, उन्हें ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगी। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचाना है, ताकि अनियमित वितरण और कालाबाजारी को रोका जा सके। यह व्यवस्था 2026-27 के खरीफ सीजन से लागू होगी।

■ नई व्यवस्था खरीफ सीजन से होगी लागू

उल्लेखनीय है कि पिछले खरीफ सीजन के लिए एग्रीस्टेक को अनिवार्य किया गया था, इसी तरह आगामी सीजन के लिए खाद वितरण में फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। अब यूरिया समेत दूसरी खाद खरीदने के लिए किसानों के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है। नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम के जरिए पूरा किया जाएगा। इसमें किसान को उसकी जमीन और फसल के आधार पर तय मात्रा में खाद ही दी जाएगी। खाद का वितरण किसान की जमीन और फसल के हिसाब से तय किया जाएगा। शासन के अनुसार इस व्यवस्था से किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद मिलेगी और गलत इस्तेमाल पर रोक लगेगी।

## खाद वितरण को पारदर्शी बनाने राज्य शासन ने उठाया बड़ा कदम

### रजिस्ट्रेशन नहीं तो खाद और योजनाओं का नहीं मिलेगा लाभ

राज्स सरकार ने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें न सिर्फ यूरिया और डीएपी मिलने में दिक्कत होगी, बल्कि कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाएगा। फॉर्मर आईडी के बिना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, सहकारी समितियां से खाद वितरण और सरकारी खरीद केंद्रों पर फसल की खरीद का लाभ भी किसान नहीं ले पाएंगे। सभी सुविधाओं के लिए अब फार्मर आईडी जरूरी कर दी गई है।

### फॉर्मर आईडी के लिए ये दस्तावेज होंगे जरूरी

किसानों को बैंक ऋण, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। फॉर्मर आईडी के लिए पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्मर आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड, जमीन से जुड़े डॉक्यूमेंट, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर जैसे जरूरी दस्तावेज देने होंगे।



### 79 प्रतिशत किसानों की बनी फार्मर आईडी

एग्रीस्टेक परियोजना के तहत राज्य के कुल 40 लाख 8 हजार 908 किसानों में से 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का सत्यापन कर फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। यह कुल किसानों का 79.22 प्रतिशत है।

# ग्रीष्मलहर की चेतावनी के साथ स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर

## इस सीजन अब तक सरकारी आंकड़ों में एक भी केस नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मौसम विभाग के ग्रीष्म लहर की चेतावनी के साथ स्वास्थ्य विभाग का अमला भी अलर्ट मोड पर हो गया है। इस सीजन में अब तक राज्य में लू अथवा अन्य मौसमी बीमारी का केस शासकीय आंकड़ों में नहीं आया है। पिछले साल राज्य में हीट-वे के सौ से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे, मगर तीन जिला अस्पतालों में लगाए गए बॉथ टब और आइस मशीन की जरूरत नहीं पड़ी थी।

■ पिछले साल राज्य में दर्ज हुए थे सौ से ज्यादा मामले, बॉथ टब के उपयोग की जरूरत नहीं पड़ी

राज्य में गर्मी पिछले तीन चार दिनों से अपना असर दिखा रही है और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार हो चुका है। आने वाले दिनों में ग्रीष्म लहर चलने का अनुमान भी है। गर्मी बढ़ने के बाद हीट वे सहित अन्य तरह की बीमारी की शिकायत बढ़ने की आशंका के आधार पर स्वास्थ्य विभाग भी इससे निपटने के लिए अपनी तैयारी कर चुका है। गर्म हवा का शिकार होकर लू की वजह से गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल पंडरी, दुर्ग तथा राजनांदगांव में बॉथ टब और बर्फ बनाने वाली मशीन का इंतजाम किया गया है। इसका उपयोग उन मरीजों के लिए किया जाएगा, जिनके शरीर का तापमान काफी बढ़ चुका है। इसके अलावा वहां लू वार्ड भी बनाए गए हैं, जहां एसी की व्यवस्था की गई है, जो आने वाले सामान्य मरीजों को ठंडा वातावरण देगा।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है, इस बार अब तक हीट-वे का एक भी केस सरकारी अस्पतालों तक नहीं पहुंचा है। इसकी वजह गर्मी का असर अभी बीमार करने लायक नहीं होना और इसके प्रति लोगों का जागरूक होना है।

सूत्रों की मानें तो पिछले साल राज्य में सौ से ज्यादा हीट वे के मामले दर्ज किए गए थे। अधिक गर्मी की वजह से कुछ लोगों की मौत भी हुई थी, मगर मृत्यु की वजह अन्य कारणों का हवाला देकर उसे आंकड़े में शामिल नहीं किया गया था।



### सीएचसी में आइस बैग, पीएचसी में मटका

निचले स्तर के हेल्थ सेंटर यानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे मरीजों के इलाज के लिए आइस बैग का इंतजाम किया गया है, जिससे उन्हें ठंडकता प्रदान की जा सके। वहां बनाए गए लू वार्डों में एसी अथवा कूलर का इंतजाम किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तेज गर्मी के दौरान अपनी समस्या लेकर आने वाले मरीजों के वाटर कूलर अथवा मटके के ठंडे पानी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### शरीर को हाईड्रेटेड रखना जरूरी

गर्मी के मौसम में शरीर को स्वस्थ, ठंडा और हाईड्रेटेड बनाए रखना बेहद जरूरी हो जाता है। तेज तापमान के कारण शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स तेजी से बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर डाइट का सही ध्यान न रखा जाए, तो डिहाईड्रेशन, कमजोरी, चक्कर आना और पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। इस मौसम में हल्का, ताजा और आसानी से पचने वाला भोजन लेना सबसे बेहतर माना जाता है। दिनभर में कम से कम 8–10 गिलास पानी के साथ नारियल पानी, बेल का शरबत, नींबू पानी जैसे नेचुरल ड्रिंक्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

*- शिल्पी गोयल, डाइटीशियन*

### जागरूकता के कारण कम मामले

गर्मी से बचाव के लिए लोग जागरूक हैं, इसलिए हीट-वे के कम मामले सामने आते हैं। एहतियात बरतते हुए सभी हेल्थ सेंटरों में पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक एक भी मामला सामने नहीं आया है।

*- डा. स्मृति देवांगन, उप संचालक, एनपीसीसीएचएच एवं डिजास्टर मैनेजमेंट*

# रविवि ग्राउंड में घुसे बाहरी मैदान को लेकर विभागाध्यक्ष सहित छात्रों संग झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि में बाहरी तत्व खेल मैदान को लेकर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष और विद्यार्थियों से भिड़ गए। मामला इतना अधिक बढ़ गया कि रविवि को पुलिस में शिकायत दर्ज करानी पड़ी। विवि कैंपस में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले लड़कों ने इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल साइट्स पर आधे-अधूरे वीडियो डालकर रविवि प्रबंधन के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया है। इसके अलावा प्राध्यापक को जान से मारने की धमकी भी सोशल साइट्स में ही दी गई है। थाने में विद्यार्थियों द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला परिसर में प्रवेश किया गया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें रोके जाने पर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। विवाद बढ़ता देखकर विद्यार्थी भी वहां पहुंचे और विभागाध्यक्ष को सूचित किया गया। इसके पश्चात बाहरी व्यक्तियों द्वारा विभागाध्यक्ष सहित हम छात्रों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया। रविवि प्रबंधन के मुताबिक, बाहरी लड़कों को इस बात की पूरी जानकारी दी गई कि वे किस तरह विवि में संचालित विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से शारीरिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इसके बाद भी बाहरी लड़कों ने अभद्रतापूर्ण व्यवहार जारी रखा और धमकी दी गई।

■ थाने पहुंचे रविवि के छात्र, आरोप-अधूरे वीडियो अपलोड कर धूमिल कर रहे छवि

### सुरक्षाकर्मियों से भी अभद्रता

पूरे मामले पर सुरक्षाकर्मियों ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को सौंपे गए अपने शिकायत में उन्होंने लिखा है कि उनकी ड्यूटी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला में लगी हुई है। गत कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है कि कुछ बाहरी लड़के बिना अनुमति विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश कर खेल गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान जब उनसे पहचान पत्र प्रस्तुत करने कहा गया, परंतु उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि वे अपना पहचान पत्र घर पर भूल गए हैं। दो दिनों तक मौका देने के बाद जब उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देशानुसार परिसर में प्रवेश से रोका गया, तो उन्होंने हमारे साथ अभद्र व्यवहार किया। बाहरी लड़कों ने धमकी देते हुए कहा कि वे लंबे समय से यहां आते रहे हैं और आगे भी आते रहेंगे। पूर्व में भी कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा सिगरेट पीकर आग लगाने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं तथा छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी प्राप्त होती रही हैं।

### शिकायत दर्ज

सोशल साइट्स पर आधे-अधूरे वीडियो अपलोड कर विवि की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। विवि मैदान हमारे छात्रों के लिए आरक्षित है, वे इसका शुल्क प्रदान करते हैं।

**- प्रो.राजीव चौधरी**
मीडिया प्रभारी, रविवि

# नारकोटिक एक्ट प्रकरण में ओडिशा से 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नारकोटिक एक्ट के मामले में पुलिस ने ओडिसा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों गांजा एवं प्रतिबंधित टैबलेट (नाइट्रोसन) की बिक्री करते थे। पुलिस ने दोनों को बैकवर्ड, फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासाहोली स्थित अटल निवास में 28 जनवरी को छापा मारकर यहां से महिला आरोपी मधु मिश्रा पति परस 30 वर्ष निवासी सासाहोली को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 73 किलोग्राम गांजा, 790 नग प्रतिबंधित टैबलेट (नाइट्रोसन), नकद 1 लाख 87 हजार रुपए, 6 मोबाइल, 3 बटनदार चाकू जब्त किया था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर छानबीन करते हुए मधु मिश्रा से पूछताछ की। इस दौरान प्रकरण में संलिप्त अन्य दो आरोपियों का सुराग हाथ लगा। इनमें एक का नाम प्रणब कुमार नाइक 29 वर्ष निवासी तहसीर थाना केसिंगा जिला कालाहाण्डी ओडिसा एवं दूसरा सफीकुल रहमान खान 35 वर्ष सिमेलपाली थाना कोमना जिला नुवापाड़ा ओडिसा का निवासी है। दोनों को गिरफ्तार करने पुलिस टीम को ओडिसा भेजा गया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों को रायपुर लाया गया। इन दोनों के कब्जे से घटना से संबंधित 2 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस दोनों मोबाइल को खंगाल रही है। आशंका जताई जा रही है कि इस प्रकरण में अन्य आरोपी भी शामिल हो सकते हैं, जिनका पता लगाने छानबीन की जा रही है।



# बकाया राशि जमा नहीं की, मेडिकल कांप्लेक्स की 7 दुकानें सील

### खास बातें

- 2 बकायादारों ने सीलबंदी के दौरान तत्काल बकाया राशि का दिया धनादेश
- जोन 10 ने 9 बड़े बकायादारों से बकाया राशि वसूलने चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 के राजस्व विभाग ने मंगलवार को बाबू जगजीवन राम वार्ड के 9 बड़े बकायादारों द्वारा पिछले कई वर्षो से बकाया राशि नगर निगम के जोन 10 शाखा को जमा नहीं करने पर राजस्व वसूली अभियान चलाया। इस दौरान 9 बड़े बकायादारों में से 7 बड़े बकायादारों के व्यवसायिक परिसरों को ताला लगाकर सीलबंद किया गया, जबकि 2 बड़े बकायादारों ने सीलबंदी के दौरान बकाया राशि का धनादेश स्थल पर ही प्रदान किया।

राजधानी के मेडिकल कांप्लेक्स में 2,96,993 रुपए के बड़े बकायादार जेठालाल पटेल और 2,96,993 रुपए के बड़े बकायादार सुरेश जैन ने सीलबंदी कार्रवाई के दौरान स्थल पर अपनी संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान जोन 10 के राजस्व विभाग की टीम धनादेश प्रदान कर किया।

वहीं मेडिकल कांप्लेक्स के 52,985 रुपए के बड़े बकायादार मंजू किसनानी, 1,12,287 रुपए 1,12,287 रुपए के तीन अलग-अलग दुकान प्रकरणों में बड़े बकायादार सुनीता चांडक 1,70,791 रुपए और 1,70,291 रुपए के दो अलग दुकान प्रकरणों में बड़े बकायादार अमित सलूजा और 2,96,993 रुपए के बड़े बकायेदार मुस्कान लालवानी द्वारा नगर निगम जोन 10 के राजस्व विभाग को बकाया राशि अदा नहीं किए जाने पर उनकी संबंधित दुकानों को तत्काल ताला लगाकर सीलबंद किया गया।

जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के नेतृत्व और जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू के मार्गदर्शन बड़े बकायादारों पर राजस्व वसूली अभियान चलाया गया।

## आठ व्यावसायिक परिसरों को किया सीलबंद, अंतिम नोटिस की अनदेखी

पिछले कई सालों से नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स जमा करने में लापरवाही बरतने वाले 8 बड़े बकायादारों पर नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने राजस्व वसूली में कड़ाई बरती। अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया कर भुगतान नहीं किए जाने पर वीर सावरनकर नगर वार्ड और पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के 8 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसरों को जोन 8 की टीम ने सीलबंद किया। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन के सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल, राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र ठाकुर की टीम ने सीलबंदी की कार्रवाई की।

■ वीर सावरगर नगर वार्ड और जवाहरलाल नेहरू वार्ड के बड़े बकायादारों पर कड़ाई

दरअसल, निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर नगर निगम के दस जोनों में बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए जोनवार अभियान चलाया जा रहा है।



### मंगलवार को इसी कड़ी में जोन 8

जोन 8 की राजस्व विभाग की टीम द्वारा वीर सावरकर नगर वार्ड में 91,572 रुपए केबकायेदार रामपाल लहरी, 91,572 रुपए के बकायेदार सुकलहीन लहरी, 2 लाख रुपए से अधिक के बकायेदार मोहम्मद अब्दुल कलाम, 4,00,389 रुपए. के बकायेदार बलविंदर सिंह , 77,859 रुपए के बकायेदार ओमप्रकाश तिवारी, 2,05,879 रुपए के बकायादार अंकित साव और पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड में 5,07,539 रुपए के बकायादार निखिल ट्रेडर्स और 8,36,874 रुपए के बकायादार संतोषी देवी- रामनिवास के संबंधित व्यवसायिक परिसर में ताला लगाकर सीलबंदी की गई।

## पेज 09 के शेष ...

### कमीशन के चक्कर में बना ...

शास्त्री बाजार की 84 दुकानें 4 बार टेंडर के बाद भी सेलआउट नहीं हो पाईं। नगर निगम का बाजार विभाग अब इसके लिए पांचवी बार टेंडर करने जा रहा है।

दुकानें नहीं उठने का बड़ा कारण नवनिर्मित शास्त्री बाजार का लोकेशन मुख्य मार्ग से पीछे होना है, यहां तक आने व जाने के लिए रोड-रास्ता नहीं होना दूसरा प्रमुख कारण है। सब्जी विक्रेताओं के लिए ये दुकानें फ्लोर वाइज 20 लाख से लेकर 33 लाख रुपए के ऑफसेट दर पर उपलब्ध है। इसी तरह मालवीय रोड के जवाहर बाजार के 11 बड़े हॉल को 7 साल बाद भी खरीदार नहीं मिले। पेश है एक रिपोर्टः -

### बहुमंजिला हाईटेक शास्त्री...

गई है। बाजार विभाग ने इन दुकानों को सेलआउट करने 4 बार ऑनलाइन टेंडर किया, पर दुकानें लेने कोई भी आगे नहीं आया। हालत ये है कि इन दुकानों को विक्रय करने 5वीं बार टेंडर करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक नवनिर्मित शास्त्री बाजार का लोकेशन मुख्य मार्ग से पीछे होने और वहां तक आने-जाने के लिए समुचित रोड, रास्ता नहीं होने से दुकानदार दुकान लेने से बिदक रहे हैं। फ्लोरवाइज इन 84 दुकानों की आफसेट दर 20 लाख से 33 लाख रखी गई है।

### जवाहर बाजार के 11 बड़े ...

अधिकारियों का कहना है कि 11 हॉल बरसों से खाली होने से अब तक 14 करोड़ का नुकसान नगरनिगम को हुआ है। यही नहीं आवंटन स्वीकृत होने पर 2 फीसदी किराया की राशि भी नगर निगम को मिलती जो कि हॉल खाली होने से नहीं मिल रही है।

### मोवा में नगर निगम ...

करने नगर निगम से 2 बार ऑनलाइन टेंडर हुआ, पर एक भी एजेंसी इसके लिए आगे नहीं आई। पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री का संचालन होना है, पर एजेंसी तय नहीं होने से गारमेंट फैक्ट्री केवल ढांचा बनकर रह गई।

अब महापौर मीनल चौबे की परिषद ने अपने नगर निगम बजट में इसके लिए प्रावधान रखा है, पर खंडहर के रूप में खड़े ढांचे की दीवार बदरंग हो चली है।

### 6 साल से वीरान पड़ा ...

होने से लोग परेशान हैं। साथ ही अभी भी मुख्य मार्ग की सड़क पर सब्जी व मटन बाजार लगने से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

### ई-रिक्शा हुए बेलगाम...

रही एक महिला को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना के दौरान ई-रिक्शा चालक ने एक स्कूटी सवार युवक को भी टक्कर मारकर गिरा दिया, जिससे उसे भी चोटें आई हैं। विडियो फूटेज और घायल महिला की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर ई-रिक्शा चालक को तलाश कर रही है। पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 5 अप्रैल की रात के समय अश्विनी नगर स्थित अरिहंत कॉम्प्लेक्स के सामने की है।

इस घटना के समय घायल महिला जिसका नाम पूर्णिमा है, ऑटो रिक्शा का इंतजार करते सड़क के किनारे खड़ी थी। इस दौरान एक ई-रिक्शा तेज गति से आया और महिला को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। महिला को रौंदने के बाद ई-रिक्शा चालक ने एक स्कूटी सवार युवक को भी टक्कर मारी, जिससे वह भी सड़क पर गिर गया।

इससे उसे भी चोटें आई हैं। इस घटना में पूर्णिमा के सिर, चेहरा और पीठ पर गहरी चोंटें आई हैं। घटना के बाद महिला को एक निजी हास्पिटल में दाखिल कराया गया था, जहां ईलाज के दौरान सिर पर 18 टांके लगे हैं। इधर स्कूटी सवार युवक को भी हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

### दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट पहली...

की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके उलट बारहवीं कक्षा का मूल्यांकन एक दिन पूर्व ही पूरा किया गया है। अब इसके भी परिणाम तैयार किए जाएंगे। दसवीं के परिणाम मौजूदा माह में घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि बारहवीं के नतीजों में अपेक्षाकृत विलंब संभावित है।

प्रदेश का मध्य इलाका गर्मी की चपेट में

# और चढ़ा पारा... आज से कुछ हिस्सों में लू जैसी स्थिति बनने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चौबीस घंटे में रायपुर समेत मध्य हिस्से का पारा और चढ़ा है...। अब मध्य हिस्सा गर्मी की चपेट में आ चुका है और अगले चौबीस घंटे में कई इलाकों में लू जैसी स्थिति बनने के आसार हैं। मंगलवार को रायपुर का सबसे गर्म रहा और तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

बस्तर और सरगुजा से अभी गर्मी दूर है, वहां असर माह के अंतिम दिनों में होने की संभावना है। वहीं बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग गर्मी की चपेट में आ गया है और यहां लोगों को 40 डिग्री की गर्मी सहन करनी पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम की गर्म हवा के असर से अभी बढ़ते दौर की गर्मी पड़ रही है, जिससे पिछले चौबीस घंटे में भी पारा ऊपर की ओर खिसका है। मंगलवार को मौसम वेधशाला लालपुर में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। अगले चौबीस घंटे में इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मध्य हिस्से का औसत तापमान एक से दो डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे में मध्य इलाके के एक-दो पैकेट में लू जैसे हालात बनने की पूरी की संभावना है।



### तेरह साल से अच्छी बारिश

प्रदेश के मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश में 2012 से 2025 तक वर्षा की स्थिति लगभग अच्छी ही रही है। सामान्य से 10 फीसदी कम या ज्यादा को सामान्य वर्षा माना जाता है । सन 1990 से अब तक वर्षा इसी सीमा पर रहने के कारण खेती और जल भंडार की स्थिति संतोषजनक रहा है। अब उद्योगों को पानी देने के कारण खेती के ग्रीष्म कालीन फसल के लिए पानी कम हो रहा है। ग्रीष्म कालीन फसल के लिए धरती के अंदर का जल भंडार का उपयोग करने के कारण ही तालाब, छोटे नदी और नाले सूख रहे है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश में 92 फीसदी वर्षा होने का प्रारंभिक पूर्वानुमान लगाया है।

### वर्षा की स्थिति ऐसी

| वर्ष | वर्षा की मात्रा | सामान्य से अंतर |
|---|---|---|
| 2012 | 1201.2 | +05 |
| 2013 | 1153.8 | +01 |
| 2014 | 1093.3 | -04 |
| 2015 | 1025.9 | -10 |
| 2016 | 1109.3 | +07 |
| 2017 | 1041.4 | -09 |
| 2018 | 1104.2 | -03 |
| 2019 | 1255.7 | +10 |
| 2020 | 1234.4 | +08 |
| 2021 | 1107.7 | -03 |
| 2022 | 1275.0 | +12 |
| 2023 | 1061.3 | -07 |
| 2024 | 1231.7 | +08 |
| 2025 | 1167.4 | +02 |

## खबर संक्षेप

### पॉवर प्लांट में हादसा प्रबंधन व राज्य सरकार की लापरवाही : सिद्दीक़



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ ने वेदांता पॉवर प्लांट में हुए भीषण हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे प्रबंधन की खुली लापरवाही करार दिया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है। यह हादसा फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी और मुनाफे की अंधी दौड़ का नतीजा है। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों से स्पष्ट है कि सरकार और श्रम विभाग केवल मूकदर्शक बने हुए हैं। प्लांट में न तो पर्याप्त सुरक्षा ऑडिट कराया जाता है और न ही बिना ट्रेनिंग वाले मजदूरों की भर्ती पर कोई रोक है। शासन-प्रशासन की चुप्पी यह संकेत देती है कि उन्हें मजदूरों के पसीने और खून से कोई सरोकार नहीं है।

### आंध्रप्रदेश प्रदेश के राजमेंड्री आईसीएआई शाखा अध्यक्ष से की मुलाकात



**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष, केंद्रीय समिति के सदस्य सीए रवि ग्वालानी ने आंध्रप्रदेश में मंगलवार को आईसीएआई की राजमहेंद्रवरम (राजमुंद्री) शाखा के अध्यक्ष सीए नरसिम्हा राव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ से सटे हुए आंध्रप्रदेश के मध्य व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने तथा नए अवसरों के सृजन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। यह विचार व्यक्त किया गया कि उभरते हुए राज्यों जैसे आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, निवेश संवर्धन, वित्तीय पारदर्शिता एवं सुशासन सुनिश्चित करने में सीए पेशे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मुलाकात ज्ञान-विनिमय, पेशेवर सहयोग और आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध होगी।

### आज्ञाकारिता से ऊपर है न्याय सत्ता जो कहे वही सत्य : राय



**रायपुर।** जनसंस्कृति मंच छत्तीसगढ़ द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मंगलवार को पहले राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, संस्कृतिकर्मी, पत्रकार और बुद्धिजीवी शामिल हुए। सम्मेलन में पंकज दीक्षित, दुर्गेश भार्गव और चित्रकार सर्वज्ञ नायर द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण कविता पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर विभिन्न समयांतरालों में हरगोविंद पुरी, भानुप्रकाश रघुवंशी, जसपाल बांगा, महेश कुशवाहा, श्याम सुंदर मुद्गल, नीलम सिंह यादव, समीक्षा नायर, सुनीता शुक्ला और वर्षा बोपचे ने संगीतमय जनगीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता मार्क्सवादी चिंतक रामजी राय ने कहा कि न्याय आज्ञाकारिता से ऊपर है।

### समस्याओं को लेकर सीएमएमएचओ से मिले

**रायपुर।** आयुष सोसायटी ऑफ क्लीनिकल आयुर्वेद रायपुर के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह भुवाल, सचिव डॉ. सुनील गोल्हानी तथा डॉ. राकेश सिंह बघेल ने अपनी समस्याओं के निराकरण के संबंध में सीएमएचओ से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राज्य उपचर्यागृह एवं रोगोपचार अधिनियम 2010 नियम 2013 के अंतर्गत क्लीनिक के पंजीयन एवं अनुज्ञा के लिए आवेदन किया था। कुछ लोगों के आवेदन को स्वीकृत हुए, मगर कई के आवेदनों का निराकरण विभिन्न कारणों से नहीं हुआ। इसकी वजह से उन्हें जुर्माना भी देना पड़ा। उन्होंने बताया कि कई चिकित्सकों की क्लीनिक नजूल की भूमि पर निर्मित किराए के भवन मे विगत 30-35 वर्षों से संचालित है।

# निशुल्क डायलिसिस योजना से कम हुआ आर्थिक बोझ, निजी अस्पताल में खर्च होते थे 30 से 35 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

जिला अस्पताल में लगी डायलिसिस मशीन किडनी पीड़ित मरीजों के आर्थिक बोझ को कम करने का कारण बनी है। निजी अस्पताल में डायलिसिस के लिए 30 से 35 हजार रुपए खर्च करने पड़ते थे, मगर जिला अस्पताल में यह सुविधा निशुल्क मिल रही है। पंडरी जिला अस्पताल में लगी 11 मशीनों के जरिए हर माह औसतन 80 मरीजों को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम में केवल आधार कार्ड दिखाकर किडनी के प्रभावित मरीज डायलिसिस का लाभ ले सकते हैं। रायपुर समेत प्रदेश के तमाम जिला अस्पतालों में यह सुविधा प्रदान की जा रही है। जिला अस्पताल पंडरी में लगाई गई 11 मशीनों के माध्यम से 80 मरीजों को सेशन का लाभ मिल रहा है। निजी अस्पतालों में डायलिसिस कराने के लिए प्रति सेशन दस से 12 हजार रुपए खर्च करना पड़ता है। सरकारी अस्पताल (डीकेएस) में यह सुविधा आयुष्मान कार्ड के मदद से मिल पाती है। अभनपुर में रहने वाली छात्रा को किडनी की बीमारी के बाद डायलिसिस की आवश्यकता पड़ गई। उसे निजी अस्पताल में हर हफ्ते 2-3 बार डायलिसिस कराने में करीब 35 हजार रुपये का खर्च आता था। लंबे समय तक यह राशि वहन करना उसके परिवार के लिए संभव नहीं था। सत्यावती जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस की जानकारी मिली, जिससे उसकी आर्थिक समस्या का समाधान हो गया। जिला अस्पताल में चल रही यह योजना कई मरीजों के लिए सहारा बन रही है, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। डायलिसिस केंद्र की संचालिका ने बताया कि जिला अस्पताल के दूसरे फ्लोर पर स्थित इस केंद्र में डायलिसिस के लिए 11 मशीनें उपलब्ध हैं और दिन में 30 से अधिक सेशन डायलिसिस किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि औसतन हर महीने ज़िला अस्पताल में 80 से ज्यादा मरीज निशुल्क डायलिसिस करवाकर इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं।

**खास बातें**

- जिला अस्पताल में डायलिसिस की 11 मशीन, 80 मरीजों को मिल रहा लाभ
- निजी अस्पतालों में डायलिसिस कराने के लिए प्रति सेशन दस से 12 हजार रुपए खर्च करना पड़ता है



## तीन माह के चावल वितरण से हर कोई परेशान

# दुकानों में स्टॉक नहीं, ट्रांसपोर्ट गाड़ियों का टोटा, हितग्राही की भी कट रही जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत तीन माह का चावल वितरण के रूप में चावल उत्सव मनाया जा रहा है। यह उत्सव अब एक ओर जहां विभाग के अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गया है, वहीं इसने राशन दुकानदारों से लेकर हितग्राहियों की भी परेशानी बढ़ा दी है। चावल उत्सव के दौरान ट्रांसपोर्ट गाड़ियों का टोटा होने से नागरिक आपूर्ति निगम जहां राशन दुकानों में तीन महीने का चावल स्टॉक नहीं कर पा रहा है, वहीं दुकानदारों और हितग्राहियों के बीच चावल का स्टॉक नहीं होने से वाद-विवाद का कारण भी बन रहा है। इधर स्टॉक नहीं होने से हितग्राहियों को जहां बार-बार दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, वहीं एक साथ तीन माह का चावल ले जाने के लिए 100 से 150 रुपए तक भाड़ा भी खर्च करना पड़ रहा है। यही नहीं, जो हितग्राही तीन माह का चावल ले गए हैं, उन्हें भी चावल को सुरक्षित रखने की चिंता सताने लगी है। घर में जगह की कमी के कारण लोगों को चावल को सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक ड्रम आदि खरीदने में अतिरिक्त राशि भी खर्च करनी पड़ रही है।



### चावल तीन माह का वितरण, गाड़ियां लग रही एक माह के अनुसार

राशन दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण कराने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनियों से विभाग का अनुबंध हुआ है। अनुबंध के अनुसार हर महीने कितनी छोटी-बड़ी गाड़ियां नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में लगाई जानी है, यह तय है। इस अनुबंध के बीच शासन ने तीन माह का भंडारण कराने का आदेश जारी किया है, लेकिन गोदामों में अभी भी एक महीने के अनुसार ही गाड़ियां लग रही है, जिसके कारण दुकानों में तीन महीने के अनुसार चावल का भंडारण भी नहीं हो पा रहा है।

### अप्रैल का भंडारण ही नहीं हो पाया

विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभी तक अप्रैल माह का चावल का भंडारण ही शतप्रतिशत नहीं हो पाया है, वहीं मई ओर जून महीने का चावल का भंडारण भी 25 से 30 प्रतिशत ही हो पाया है। इसका सबसे बड़ा कारण गोदामों में जितनी गाड़ियां लगाई जानी हैं, उसकी तुलना में 25 प्रतिशत गाड़ियां भी ट्रांसपोर्ट एजेंसियां मुहैया नहीं करा पा रही है। परिणाम स्वरूप दुकानों में तीन माह के अनुसार स्टॉक ही उपलब्ध नहीं है। कई दुकानों में स्टॉक खत्म होने के बाद दोबारा भंडारण नहीं किया जा सका है।

### दुकानदारों ने कहा-हर दिन हितग्राहियों से हो रहा विवाद

*कुछ दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि तीन माह का चावल वितरण करने का आदेश से हर कोई परेशान है। इस आदेश के बावजूद दुकानों में चावल का स्टॉक समय पर नहीं पहुंच रहा है, जिसके कारण हर दिन दुकानों में हितग्राहियों द्वारा दुकानदारों को इसका जिम्मेदार मानते हुए विवाद कर रहे हैं।*

### हितग्राहियों ने कहा-चावल ले जाने का खर्च बढ़ा, सुरक्षित रखने की भी चिंता

*अमलीडीह क्षेत्र में रहने वाली अंजली ने बताया कि वह किराए के छोटे से मकान में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती है। मकान में जगह की कमी है। तीन माह का चावल वह दुकान से ई-रिक्शा में 100 रुपए भाड़ा खर्च कर लाई है। घर में भी जगह की कमी है, जिसके कारण चावल को सुरक्षित रखने की चिंता सता रही है। इस तरह अन्य एक महिला हितग्राही ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वह दो बार दुकान से स्टॉक नहीं होने के कारण वापस लौट चुकी है। तीसरी बार में उसे चावल मिला है। चावल को वह रिक्शा में भाड़ा खर्च कर ले जाएगी।*

# डीएड अभ्यर्थियों की संविधान रैली को पुलिस ने धरना स्थल गेट के पास रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करने हाथों में संविधान की प्रति लेकर निकले
- सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग, तूता के धरना स्थल पर आमरण अनशन

छत्तीसगढ़ के डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर मंगलवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करने संविधान रैली निकाली। पुलिस प्रशासन ने धरना स्थल के गेट पर बेरिडिंग कर अभ्यर्थियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे अभ्यर्थियों में नाराजगी देखी गई, उनका कहना है कि उन्हें अपनी बात रखने का मौका भी नहीं दिया गया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए डीएड अभ्यर्थियों ने हाथों में संविधान की प्रति लेकर शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करने रैली निकाली। उनका कहना है कि संविधान रैली का मकसद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराना और अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग करना था, पर पुलिस ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया। अभ्यर्थियों ने कहा है कि सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति के लिए उनका अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी रहेगा।

विदित हो कि प्रदेश के डीएड अभ्यर्थियों द्वारा अपनी वैध नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आमरण अनशन 112वें दिन भी जारी रहा।

### वीआईपी रोड स्थित क्लब और फॉर्महाउस का मामला, थाने पहुंचे यूथ कांग्रेसी

# फॉर्महाउस में आधी रात अवैध पार्टी वीडियो वायरल, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड स्थित क्लब और फॉर्म हाउस में चल रही अवैध पार्टियों के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद यूथ कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। तेलीबांधा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए यूथ कांग्रेस ने मांग की है, वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए उसमें शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक की जाए तथा संबंधित आयोजकों एवं मालिकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। वायरल वीडियो में युवक-युवतियां हुक्का और शराब का सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं। ये क्लब और फॉर्महाउस निर्धारित समय सीमा के बाद भी खुले रहते हैं। यूथ कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया है कि इन अवैध पार्टियों की जानकारी होने के बाद भी रसूखदारों के कारण इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन्हें विशेष संरक्षण प्राप्त होने के कारण युवा वर्ग नशे में डूबता जा रहा है।

### कमिशनरेट प्रणाली पर सवाल

*जिस तरह की अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं, उससे कमिशनरेट प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।*
*- भावेश शुक्ला, प्रदेश महासचिव, यूथ कांग्रेस*



### दोहरी नीति चिंताजनक

यूथ कांग्रेस ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रकार की गतिविधियां प्रशासन की जानकारी के बावजूद खुलेआम संचालित हो रही हैं। इससे आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि कानून केवल आम लोगों के लिए है, प्रभावशाली लोगों को संरक्षण प्राप्त है। रायपुर में कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद भी तेलीबांधा क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है। दूसरी ओर गरीब या सामान्य वर्ग के लोग यदि छोटी-सी गतिविधि भी करते हैं तो उन पर तत्काल कार्यवाही कर दी जाती है। यह दोहरी नीति बेहद चिंताजनक है। एक प्रतिष्ठित एनजीओ की आड़ में इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विरोध दर्ज कराए जाने के दौरान प्रदेश शुभम, लक्षित, मृगेंद्र, तारिक अनवर खान, अतीक मेमन, मो.हसान, आशीष बाजपेयी, खुशराज ढिल्लन, जिशान मो, अनिकेत महतो, साहिल, कृष्णा, चंदन आदि शामिल रहे।

# तमिलनाडु-केरल की तरह छत्तीसगढ़ में भी हाथियों से निपटने अब लगेंगे एआई बेस्ड कैमरे, हैंगिंग झालर भी देगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में बरसों बरस से जंगली हाथियों के हमले झेल रहे राज्य के लोगों को अब एआई के जरिए राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। दरअसल तमिलनाडु और केरल की तरह यहां भी एआई आधारित कैमरे लगाने की तैयारी है। इन कैमरों की रेंज में जैसे ही हाथी आएंगे, उसका तेज आवाज का अलार्म बजना शुरू होगा और हाथियों को भागना पड़ेगा। यही नहीं, एक नए प्रयोग के तौर पर अब हैंगिंग फैंसिंग लगाने की तैयारी भी है, इससे फैंसिंग से टच होते ही हाथी को करंट का झटका लगेगा। यह उपाय भी हाथियों से लोगों की सुरक्षा करेगा।

**ये है मामला:** राज्य में पिछले कई बरसों से जंगली हाथियों की आमद और उनके हमले बढ़े हैं। वन विभाग के अनुमान के मुताबिक प्रभावित जिलों में करीब 400 हाथियों के दल यहां वहां भ्रमण कर रहे हैं। इन हाथियों के हमले से बड़ी संख्या में जनहानि, फसल हानि और लोगों के कच्चे घर नेस्तनाबूद हो चुके हैं। राज्य में सबसे अधिक हाथी प्रभावित वन मंडलों में रायगढ़, धरमजयगढ़, कोरबा, कटघोरा, सूरजपुर, जशपुर प्रभावित हैं। इनके साथ ही धमतरी और गरियाबंद क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड आ जाते हैं और खतरा पैदा करते हैं।



### 'गजसंकेत' ऐप से मानव-हाथी संघर्ष में बड़ी कमी

*इन प्रयोगों से पहले वन विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा विकसित 'गजसंकेत' ऐप प्रभावी साबित हो रहा है। इस तकनीक आधारित पहल से गांवों में समय रहते अलर्ट पहुंचने लगे हैं, जिससे जनहानि और फसल नुकसान में उल्लेखनीय कमी आई है। यह ऐप विशेष रूप से गरियाबंद और धमतरी जिलों में शुरू किया गया, जिसे बाद में पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। ऐप के जरिए हाथियों के झुंड की गतिविधियों को ट्रैक कर आसपास के 10 किलोमीटर दायरे में रहने वाले ग्रामीणों को रियल-टाइम वॉयस कॉल, एसएमएस और व्हाट्सऐप के माध्यम से अलर्ट भेजा जाता है।*

### तीन साल के प्रयोग से कम हुए हमले

*प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण-सह-मुख्य वन्यजीव वार्डन) अरुण कुमार पांड़ेय के मुताबिक पिछले तीन साल हाथियों के हमले कम करने के लिए किए गए प्रयोगों से सफलता मिली है। हर साल जहां 80 से अधिक संख्या में जनहानि होती थी, उसकी संख्या कम होकर 50 से 60 तक हो गई है। अब दो नए प्रयोग करने की तैयारी है।*

### अब इन तरीकों से होगी रक्षा

राज्य शासन का वन विभाग हाथियों के हमलों से लोगों को बचाने के लिए लंबे समय से कोई न कोई उपाय जुटाने की कोशिश में रहता है, इस क्रम में कई तरीके अपनाने के बाद अब हाथी प्रभावित राज्यों तमिलनाडु और केरल की तर्ज पर यहां भी प्रयोग करने की तैयारी है। बताया गया है कि इस सिलसिले में एआई आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने की तैयारी है। यह सिस्टम इस तरह काम करेगा कि जैसे ही जंगली हाथी लाइट के रेंज में आएंगे, सिस्टम से अलार्म बजना शुरु होगा। इसकी आवाज सुनकर ही हाथी भागने लगेंगे। इसी तरह एक और नया प्रयोग भी करने की तैयारी है। सोलर आधारित हैंगिग ( झूलती हुई) फैंसिंग लगाई जाएगी। यह फैंसिंग जैसे ही हाथी से टकराएगी, हाथी को करंट का झटका लगेगा जो हाथी को भागने पर मजबूर कर देगा।

## कंपनी अपना जबाव 16 अप्रैल को आयोग के सामने रखेगी

**किस प्रक्रिया से किनके कनेक्शन काट रहे हैं पूरी जानकारी लिखित में मांगी है**

# हजार रुपए पर बिजली कट के मामले में आयोग में कल फिर होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा हजार रुपए तक के बकाया पर ही बिजली कट करने के मामले में बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने आयोग के नोटिस के जवाब में अपना पक्ष तो रखा दिया है, पर कंपनी के पक्ष से आयोग संतुष्ट नहीं है। आयोग ने जहां अगले आदेश तक फिलहाल किसी भी उपभोक्ता की बिजली कट करने पर रोक लगा दी है, वहीं पॉवर कंपनी से लिखित में जवाब मांगा है कि किनका कनेक्शन किस प्रक्रिया के तहत कट किया गया है। आयोग ने जानना चाहा है कि क्या सिर्फ छोटे बकायादारों का ही कनेक्शन कट किया गया है या फिर बड़े बकायादारों के भी कनेक्शन काटे गए हैं। अब कंपनी अपना जबाव 16 अप्रैल को आयोग के सामने रखेगी। कंपनी के जवाब के हिसाब से ही आयोग में इस मामले में फैसला होगा।


पॉवर कंपनी से पूछा-क्या बड़े बकायादारों के भी कनेक्शन काट रहे, नहीं तो कारण बताएं

बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में पॉवर कंपनी का तर्क है कि बिल भुगतान की अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद कनेक्शन कट करने का एक्ट में प्रावधान है।

### कंपनी रखेगी अपना पक्ष

पहली सुनवाई में आयोग ने पॉवर कंपनी का पक्ष सुनने के बाद कंपनी से यह जानकारी मांगी है कि कंपनी आखिर किस प्रक्रिया का पालन करके कनेक्शन कट कर रही है। आयोग के पास जो शिकायत है उसके मुताबिक छोटे बकायेदारों के ही कनेक्शन कट हो रहे हैं। ऐसे में आयोग ने कंपनी से पूछा है कि कनेक्शन कट करने का आधार क्या है। क्या बड़े बकायेदारों के भी कनेक्शन कट किए गए हैं या नहीं। इसी के साथ आयोग ने पूछा है कि बकायेदारों के बकाया जमा करने के बाद कितने समय में वापस कनेक्शन प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी पूरी प्रक्रिया की भी जानकारी मांगी है। अब कंपनी अपनी प्रक्रिया के बारे में आयोग के सामने 16 अप्रैल का अपना पक्ष रखेगी। कंपनी का पूरा पक्ष जानने के बाद ही आयोग इस मामले में अपना फैसला देगा।

### वेदांता में मृत मजदूरों को मिले 50 लाख मुआवजा

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि घटना में पूरी लापरवाही प्लांट प्रबंधन की है। उन्होंने कभी भी सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा इसलिए यह बड़ी घटना घटित हुई है।







## एजुकेशन अलर्ट

# अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 अप्रैल तक

**रायपुर।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए जिले के जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी 22 अप्रैल 2026 तक प्रशिक्षण के लिए आवेदन लिंक https://forms.gle/TkmfYaluEZdJcp7v9 पर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी अपना नाम एवं पूर्ण पते के साथ सम्पूर्ण जानकारी दिए गए कॉलम में भरेगें या जिला रोजगार कार्यालय में अपना नाम, पता एवं अग्निवीर पंजीयन कमांक पत्र दर्ज करा सकते हैं, जिससे अधिकाधिक अभ्यर्थी लिखित परीक्षा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।





## एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

जिले में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 1 मार्च 2026 को प्रदेश के 27 जिलों के 150 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (**NESTS**), नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के संचालन में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। राज्य के अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए यह प्रक्रिया पूरी की गई। अब अभ्यर्थी एकलव्य विद्यालयों की आधिकारिक वेबसाइट **https://eklavya.cg.nic.in/** पर जाकर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

● देशी फलों के साथ विदेशी फलों का भी शहरवासी चखने लगे हैं स्वाद

# वेलनेस का नया ट्रेंड: विटामिन्स की 'सुपरडोज' के लिए डाइट का हिस्सा बने ड्रैगन फ्रूट और कीवी, हर मौसम में विदेशी फलों की मांग

*बदलते दौर में अब देशी के साथ विदेशी व्यंजन, फलों का भी स्वाद राजधानी में लोग चखने लगे हैं। विदेशी व्यंजनों का स्वाद तो अब पुराना हो चुका है, वहीं अब विदेशी फलों का स्वाद जीभ पर चढ़ता जा रहा है। ज्यादातर लोग देशी फलों के साथ विदेशी फलों को भी पसंद करने लगे हैं। इसी वजह से अब वियतनाम का ड्रैगन फ्रूट, थाईलैंड की ईमली, न्यूजीलैंड की कीवी के साथ ही एवोकाडो, मैंगो स्टीम, पियर्स, माल्टा आरेंज, ब्लूबैरी भी फल बाजार में सामान्य रूप से नजर आने लगे हैं।*



## विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर

लोगों में स्वास्थ्य और इम्युनिटी को लेकर जागरूकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स की पूर्ति के लिए लोग अब कीमत से ज्यादा फलों के पोषण मूल्य पर ध्यान दे रहे हैं। पिछले कुछ सालों में बाजार में विदेशी फलों की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि ड्रैगन फ्रूट और कीवी जैसे फल अब केवल विदेशी नाम नहीं रहे, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की डाइट का अहम हिस्सा बन चुके हैं। विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर इन फलों को डाइट एक्सपर्ट्स भी सुपरफूड मान रहे हैं। हर साल इनके दाम बढ़ने के बावजूद, बीमारियों से लड़ने की क्षमता और बेहतरीन स्वाद के कारण फलों के बाजार में इनकी बिक्री बढ़ती जा रही है।

**रायपुर।** विटामिन्स से भरपूर होने के कारण ड्रैगन फ्रूट और कीवी का कारोबार बढ़ा रहा है। रायपुर के फल बाजार में विदेशी फल बड़ी तादाद में आने लगे हैं। धीरे-धीरे इनका बाजार बढ़ता ही जा रहा है। गर्मी के मौसम मे भी विदेशी आम विशेष मांग पर मंगाए जा रहे है, जिसकी कीमत 5 हजार रुपए किलो से भी अधिक है। वर्तमान में बैंगनफली और तोतापरी ही बाजार में बिक रहे हैं, जिसकी कीमत फिलहाल 200 रुपए किलो तक है। फल व्यापारियों का कहना है कि प्रदेश के किसानों के आम अप्रैल से आना शुरू होंगे, जिसके बाद ही आम के दाम में गिरावट देखने को मिलेगी।



## महंगे होने के बावजूद मांग बढ़ी


*फ्रूट भंडार के संचालक अनिल बताते हैं कि बाजार में विदेशी फ्रूट तकरीबन दस साल से आ रहे हैं, लेकिन शुरुआत में इनका बाजार बड़े शहरों तक ही सीमित रहा। इसके बाद विदेशी फल देश के सभी शहरों में पहुंचने लगे। वहीं अब दो-तीन साल से अपने शहर में बड़ी तेजी से इनका चलन बढ़ता जा रहा है। हालांकि ये कुछ महंगे भी होते हैं, लेकिन इनका स्वाद लजीज होता है, इसी वजह से विदेशी फल लोगों की जुबान में चढ़ते ही जा रहे हैं और दिनो-दिन इसकी मांग बढ़ती जा रही है।*





## ड्रैगन फ्रूट और कीवी ऑन डिमांड

वैसे तो देशी फलों की तरह सभी विदेशी फल भी स्वादिष्ट होते हैं, लेकिन इन सब के बीच ड्रैगन फ्रूट और कीवी की मांग सबसे अधिक रहती है, क्योंकि इन दोनों फलों का स्वाद लोगों को खूब पसंद आ रहा है। ऐसे में फल बाजार में सबसे ज्यादा इनका ही कारोबार होता रहा है। जहां तीन कीवी फल के लिए 120 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं, वहीं एक किलो में दो से तीन चढ़ने वाले ड्रैगन फ्रूट के लिए 200 रुपए तक लग रहे हैं। एवोकाडो, ब्लूबैरी और ड्रैगन फ्रूट स्वादिष्ट होने के साथ ही हेल्दी फलों में भी आते हैं। इन तीनों में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाईड्रेट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो मीठा-खट्टा स्वाद देने के साथ ही शरीर की ऊर्जा बढ़ाने का भी काम करते हैं।



## इन दामों पर बाजार में उपलब्ध

- कीवी - 600 रुपए किलो
- ब्लूबेरी - 2400 रुपए किलो
- एवोकाडो - 1000 रुपए किलो
- माल्टा आरेंज - 140 से 300 रुपए किलो तक
- पियर्स - 300 रुपए किलो
- मैंगो स्टीम - 900 रुपए किलो
- ड्रैगन फ्रूट - 200 रुपए किलो
- ईमली - 400 रुपए किलो

# ऑनलाइन प्रशिक्षण से वायरलेस नेटवर्क तकनीक का उपयोग, नवाचार कर रहे साझा

**रायपुर।** एनआईटी में अगली पीढ़ी के वायरलेस नेटवर्क के प्रतिमान 5-जी एंड बियॉन्ड विषय पर ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आधुनिक वायरलेस तकनीकों का सरल और उपयोग, नवाचार के ज्ञान के बारे में विशेषज्ञों द्वारा संस्थान के स्टूडेंट्स को जानकारी साझा की जा रही है। सोमवार को ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में एनआईटी के प्राध्यापक श्रीश वर्मा एवं डॉ. बिजयानंद पटनायक शामिल हुए। प्राध्यापक श्रीश वर्मा ने 5जी तथा उससे आगे की तकनीकों को स्पष्ट रूप से समझाया, जबकि डॉ. बिजयानंद पटनायक ने ईसीई विभाग के अनुसंधान कार्यों और अंतरविषयक शिक्षा के प्रति





अपनी प्रतिबद्धता साझा की। कार्यक्रम में 1 घंटे के विशेषज्ञ व्याख्यान शामिल हैं, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इसका संचालन डॉ. अंशुल गुप्ता एवं डॉ. मयूर कटवे के समन्वय से किया जा रहा है। अगली पीढ़ी के वायरलेस नेटवर्क के प्रतिमान 5-जी एंड बियॉन्ड विषय पर आयोजित ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण गूगल मीट के माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्टूडेंट्स व विशेषज्ञों में वायरलेस नेटवर्क के प्रतिमान 5-जी एंड बियॉन्ड विषय को जानने को लेकर उत्साह देखने को मिला। इस ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के प्रोफेसर्स, स्टूडेंट्स के लिए ज्ञानवर्धक शाबित हो रहा है। इसी तरह से आगामी दिनों में संस्थान की ओर से नए विषयों पर भी देशभर के संस्थानों व विषय विशेषज्ञों को ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए सीता प्रदर्शनी में की खरीदारी

**रायपुर।** कचना स्थित सिटी ऑफ ड्रीम्स सोसाइटी के क्लब हाउस में एक दिवसीय सीता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने जरूरतमंदों की मदद के लिए खरीदारी की। ममता टावरी एवं शिनी कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने किया। इस मौके पर राजधानीवासियों के लिए रोमांचक गेम्स भी आयोजित किए गए। वहीं बड़ी वैरायटी में शादी समारोह के लिए डिजाइनर और आकर्षक गहने भी



उपलब्ध रहे। आयोजकों ने बताया कि एक ही छत के नीचे ज्वेलरी, साड़ी, गिफ्ट आइटम्स, कॉस्मेटिक, कान्हा पोशाक सहित विभिन्न प्रकार के सजावट के सामान कम दामों पर उपलब्ध रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है, साथ ही ग्राहकों को उच्चस्तरीय खूबसूरत सामान कम दरो में उपलब्ध कराना है। आयोजन से एकत्रित हुई धनराशि चैरिटी के माध्यम से जरूरतमंदों तक सेवाकार्य कर पहुंचाई जाएगी। यह आयोजन समाजसेवा एवं सहयोग की भावना से किया गया।

## सिटी इवेंट

# कला केंद्र समर कैंप की 1 मई से शुरुआत 550 प्रतिभागियों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**रायपुर।** शहर के जीई रोड स्थित कला केंद्र के समर कैंप का पहला सीजन अब 1 मई से शुरू होगा। स्कूली बच्चों की चल रहे क्लासेस के कारण 15 अप्रैल को शुरू होने वाले समर कैंप को स्थगित कर दिया गया है। वहीं अब तक समर क्लास के लिए 550 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। कला केंद्र प्रबंधन टीम के सदस्य संदीप यादव एवं कलागुरु राहुल ठाकुर ने बताया कि कला केंद्र समर कैंप को पंजीकृत प्रतिभागियों व उनके पैरेंट्स के अनुसार समय में बदलाव किया गया, ताकि समर कैंप में एक साथ सभी प्रतिभागी विविध क्लासेस में भाग ले सकें। केंद्र में कला प्रशिक्षण पूरे साल चलता है, लेकिन गर्मी के छुट्टियों में नए प्रतिभागियों के लिए स्पेशल समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इस बार समर कैंप को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पिछले 10 दिनों में करीब 550 प्रतिभागियों ने समर कैंप क्लासेस के लिए पंजीयन करा लिया है। कला केंद्र प्रबंधन टीम ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं 4 अप्रैल से समर कैंप के लिए पंजीयन भी शुरू कर दिया गया है। इस समर कैंप में प्रतिभागियों को कला केंद्र में 24 से अधिक विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है।

### इस बार 4 नई विधाएं भी

इस बार 4 नई विधाएं भी जोड़ी गई हैं। इनमें मेहंदी-रंगोली, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, अबेकस और शतरंज विधा को शामिल किया गया है। साथ ही कला केंद्र में पहले 22 कलागुरुओं की टीम थी, जिसे बढ़ाकर अब 26 कर दिया गया है। कला प्रतिभाओं को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कला केंद्र की शुरुआत की गई है। यह केंद्र बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयुवर्ग के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। समर कैंप में अनुभवी ट्रेनर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे।



### पहले सीजन के लिए पंजीयन जारी

जीई रोड स्थित कला केंद्र में इस समर सीजन के लिए गीत-संगीत, वादन, नृत्य, चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियों के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। कला केंद्र में पैरेंट्स अपने बच्चों का बड़ी संख्या में पहले से ही पंजीयन करा रहे हैं। कला केंद्र प्रबधन टीम ने बताया कि समर कैंप के पहले सीजन के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं कला केंद्र में सभी विधाओं के कलागुरुओं की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने, कला प्रशिक्षण की समय सारिणी भी बना ली गई है।

### दो घंटे की क्लास में 24 विधाओं का प्रशिक्षण

समर कैंप का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 1 से 15 मई, दूसरा चरण 16 से 30 मई और तीसरा चरण 1 से 15 जून तक आयोजित है। समर कैंप में रोजाना सुबह 7.30 बजे से सुबह 9.30 बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 110 रुपए हैं। इसके अलावा ट्रेनिंग फीस 500 रुपए निर्धारित की गई है। समर कैंप में प्रतिभागियों के लिए इस दो घंटे की समर क्लासेस में एक साथ 24 विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बैसाखी के पावन अवसर पर संत महेंद्र सिंह सिब्बल फाउंडेशन का संगीतमय आयोजन

# सानू इक पल चैन ना आवे...पंजाबी लोक और सूफी संगीत से सजी सुरमयी महफिल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बैसाखी के पावन अवसर पर होटल ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड में पंजाबी लोक एवं सूफी संगीत का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष संगीतमय संध्या का आयोजन देवेंद्र सिंह सिब्बल के नेतृत्व में तथा संत महेंद्र सिंह सिब्बल फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में लुधियाना से आए ऊर्जावान सूफी एवं म्यूजिक बैंड आजाद पंछी ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बैंड ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत, सानू इक पल चैन ना आवे, सजना तेरे बिना... गीत से की, जिसके बाद तू माने या ना माने दिलदारा जैसे लोकप्रिय पंजाबी गीतों की शानदार प्रस्तुति ने वातावरण को संगीतमय बना दिया। बैंड के प्रमुख गायक कमल घुमन ने अपने मंद्र सप्तक की गहराई से श्रोताओं को प्रभावित किया। वहीं मैंडी बिलगा ने तार एवं अति तार सप्तक में









प्रभावशाली गायन प्रस्तुत किया। महक बजाज ने भी अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और विशिष्ट शैली से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। संगीत संयोजन में तबले पर विजय, ड्रम्स पर रोहित और कीबोर्ड पर तरुण का कमाल की जुगलबंदी ने सुरों को साज दिया। बैंड ने पारंपरिक सूफी संगीत में आधुनिक फ्यूजन का सुंदर समावेश कर हर प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाया। विशेष रूप से उनके स्वरचित गीत कौन हूं मैं...को दीपचंदी ताल में प्रस्तुत कर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। इसके अतिरिक्त अखियां दे सामने रहना एवं पारंपरिक पंजाबी लोकगीत हीर की प्रस्तुति भी अत्यंत सराहनीय रही।

### शास्त्रीय संगीत और वेस्टर्न रिदम का अद्भुत प्रस्तुति भी

कार्यक्रम के दूसरे चरण में अमेरिका से पधारे ड्रमिस्ट इमाम, दिल्ली के प्रसिद्ध सरोद वादक मुकेश और गायिका महालक्ष्मी ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और वेस्टर्न रिदम का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। इन्होंने राग पटदीप में गणपति वंदना से शुरुआत करते हुए राग भीमपलासी में 9 मात्रा की ताल पर एक उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

### संगीत प्रेमियों के लिए बनी एक यादगार शाम

इस अवसर पर सिख समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हैप्पी सिब्बल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पद्मश्री मदन चौहान, डॉ. दीपक बेड़ेकर, महेंद्र चौहान, रवि कुमार सहित शहर के अनेक संगीतज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संध्या सिद्ध हुआ, बल्कि सूफी और लोक संगीत के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभूति का अद्भुत संगम भी यहां देखने को मिला।

## कैंपस लाइव

# आत्मविश्वास से भरा व्यक्ति खुद पर करता है भरोसा, जोखिम उठाने से भी नहीं डरता



**रायपुर।** आत्मविश्वास सफलता की नींव है, जो कि खुद की क्षमताओं और निर्णयों पर अटूट भरोसा रखने से उत्पन्न होती है। यह हमें जोखिम उठाने और चुनौतियों का सामना करने तथा लक्ष्य हासिल करने में मदद करता है। यह कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि छोटे-छोटे लक्ष्य पूरे करके और सकारात्मक सोच से विकसित किए जा सकने वाला कौशल है। यह कहना है कि ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी का, जिन्होंने सोमवार को शांति शिविर में आए स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने आगे बताया कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का सीधा संबध उस व्यक्ति के आत्मविश्वास से जुड़ा होता है। विशेषज्ञों और सफल लोगों के अनुभव ये बताते हैं कि बुद्धिमत्ता या संसाधनों से भी आगे बढ़कर आत्मविश्वास ही वह शक्ति है, जो कि एक साधारण व्यक्ति को असाधारण बनाती है। यह न केवल हमारे व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में हमें डटे रहने का साहस भी देता है।

### छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करना जरूरी

ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि आत्मविश्वास से भरा व्यक्ति न केवल खुद पर भरोसा करता है, बल्कि अपने डर पर काबू पाकर जोखिम उठाने से भी नहीं डरता। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए सकारात्मक रूप से आत्ममंथन करना और छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करना बहुत जरूरी है। असफलता से सीखें, गलतियों को स्वयं को सुधारने का अवसर मानें, उनसे हार न मानें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास रातों-रात नहीं आता। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करके अपना हौसला बढ़ाएं। अंत में मैं बस इतना ही कहूंगी कि मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। खुद पर भरोसा रखें, क्योंकि आप अपनी परिकल्पना से कहीं अधिक योग्य और बुद्धिमान हैं।

## सिटी लाइव

# नारी शक्ति वंदन के प्रति सजग करने संवाद जरूरी




**रायपुर।** कालीबाड़ी स्थित गुरुकुल महिला कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान में तय विषय पर सोमवार को संवाद किया गया। जागरूकता एवं संवाद का उद्देश्य छात्राओं को अधिकार, समानता एवं राजनीतिक भागीदारी के प्रति सजगता बढ़ाने के लिए वक्ताओं ने भी संवाद को जरूरी और कारगर उपाय बताया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सांध्य गुप्ता, प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अदिति जोशी ने किया। इसके बाद अतिथि द्वारा इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई। इसमें 33% महिला आरक्षण, रोटेशन प्रणाली तथा इसके सामाजिक महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं की पहल पर छात्राओं की सहभागिता ने संवाद को सफल बनाया।

### अधिकारों का बोध और दायित्वों का करें निर्वहन

इसमें सभी छात्र-छात्राओं ने नारी सम्मान एवं समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सामूहिक शपथ ली। इसमें तय किया गया कि लोगों को अधिकारों का बोध करवाने और दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार से किया जा सकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी देने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लेता या लेती है। इससे समाज में आने वाले कुछ वर्षों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलने वाला है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। डॉ. रात्रि लहरी, डॉ. मान्या शर्मा एवं स्वयंसेवक इसमें शामिल हुए।

## समाज इवेंट

# श्वेत पाषाण और इंटरलॉक सिस्टम से श्री संभवनाथ जिनालय लेगा भव्य रूप



**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित 42 साल पुराने श्री संभवनाथ जिनालय के जीर्णोद्धार की शुरुआत आज से होगा। इस अवसर पर श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट ने इस अवसर पर भूमिपूजन एवं खनन महोत्सव का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम कैवल्य धाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी की शिष्याओं मंजुलाश्रीजी व स्नेहयशाश्रीजी आदि ठाणा के सानिध्य में होगा। बुधवार को सुबह 6.45 बजे स्नात्रपूजा होगी।

> 42 साल पुराने श्री संभवनाथ जिनालय मंदिर का भूमिपूजन महोत्सव आज

### मंदिर में सीमेंट और लोहे का कोई उपयोग नहीं

सुबह 7.45 बजे नवग्रह एवं अष्टमंगल पूजन होगा। तद्पुरांत 9 बजे से भूमिपूजन एवं खनन कार्य प्रारंभ होगा। शिलान्यास समारोह 19 अप्रैल को आचार्यश्री जिन पीयूषसागर सूरीश्वर महाराज के सानिध्य में होगा। मकराना के श्वेत पाषाण से निर्मित होने वाले इस मंदिर में सीमेंट और लोहे का कोई उपयोग नहीं किया जाएगा। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट ने यह भी बताया कि श्री संभवनाथ जिनालय मंदिर इंटरलॉक सिस्टम से लैस होगा। इसमें सीमेंट और लोहे का कोई उपयोग नहीं किया जाएगा।




● राजधानी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती पर विविध आयोजन, समाज ने किया याद

# जय भीम जय संविधान...जयघोष संग निकाली बाबा साहेब आंबेडकर की भव्य झांकी, न्याय-समानता का दिया संदेश





भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहरभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्ट्रेट परिसर के सामने स्थित डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर चौक पर 21 फीट ऊंची पंचधातु से निर्मित भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पहले बौद्ध युवा संघ व भीमराव आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 10 बजे से ही नगर के अलग-अलग कोनों से आंबेडकर की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों लोग जय भीम...जय संविधान के नारे के साथ झूमते-गाते शामिल हुए।



**रायपुर।** आंबेडकर की भव्य झांकी में देश के सांसद, संविधान और की झलक दिखी। इससे समाज को न्याय, समानता और त्याग का संदेश दिया गया। नगर के अलग-अलग रास्ते से होते हुए झांकी व भव्य शोभायात्रा दोपहर 2 बजे घड़ी चौक कलेक्टोरेट के सामने आंबेडकर चौक पहुंची। इस अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता की प्रेरणा देता है। उनके नेतृत्व और उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान ने वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाया है। उनके विचार आज भी समाज को न्याय और समानता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण सिंह देव, महापौर नगर निगम रायपुर मीनल चौबे, विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके संदेशों को याद किया और कहा कि बाबा साहेब के विचारों पर चलकर ही बेहतर समाज की परिकल्पना सच होगी।




मंगलवार को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय स्थित अर्थशास्त्र अध्ययनशाला में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की श्रेष्ठता के पीछे उनका कई वर्षों का संघर्ष है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवीन मार्कंडेय, पूर्व विधायक आरंग, विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज दयाल कुलपति कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रहे।




टिकरापारा बालक हॉस्टल में भाजयुमो द्वारा समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया और कहा कि बाबा साहेब के संविधान ने ही हमें जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा का अधिकार दिया।



मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। चिकित्सालय परिसर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रेडियोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रा, सीनियर फार्मासिस्ट अश्वनी गुर्देकर, हरिशंकर साहू, अस्पताल मैट्रन अश्लेषम मैडम एवं नर्सिंग स्टाफ, दिनेश करडभूजे, लक्ष्मीकांत बनर्जी, खोमलाल पटेल उपस्थित रहे।



एनआईटी में बाबा आंबेडकर जयंती बड़े ही उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. मनोज चोपकर, डॉ. संजय कुमार, डॉ. एसएन राव, डॉ. पवन कुमार मिश्रा, डॉ. मीना मुर्मू, डॉ. गोवर्धन भट्ट, एनएसएस के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. तीरथ प्रसाद साहू एवं डॉ. नितेश कुमार भारद्वाज, स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।







### अजा-जजा और पिछड़ा वर्ग ने मनाई बाबा आंबेडकर जयंती



अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ अनेक समाज के मुखिया ने यहां पहुंचकर संविधान निर्माता के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी समाज के मुखिया ने हाथ उठाकर सामाजिक एकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विजय चौहान, नीलकंठ सिंघाड़े, भगवानू नायक, वरुन निर्मलकर, प्रकाश रामटेके, गोपाल वर्मा, सूरेश नेताम सहित अनेक मुखिया ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### सोनकर पारा में श्रद्धापूर्वक बाबा साहब को किया याद



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर सोनकर पारा टिल्लू चौक स्थित सोनकर क्लीनिक में डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा साहेब को याद किया। इसी दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व एल्डरमैन व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. सुखनंदन सोनकर व पुरानी बस्ती मंडल पूर्व महामंत्री किरण अग्रवाल ने बाबा साहेब को युग-निर्माता, राष्ट्र निर्माता व महामानव बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना सारा जीवन छुआछूत, ऊंच-नीच, भेदभाव जैसी अनेक आंतरिक बुराईयों को दूर करने के लिए कठिन संघर्ष किया।

### सतनामी समाज ने संविधान की रक्षा का लिया संकल्प



गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी और सतनामी समाज के लोगों ने मंगलवार को भारत रत्न से अलंकृत देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। न्यू राजेंद्र नगर उद्यान में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर जय भीम..का जयघोष करते हुए भारत के संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान पं. अंजोर दास बंजारे व सीएल रात्रे ने शानदार भीम गीतों की प्रस्तुति देकर सबको थिरकाया।

### बाबा साहब ने भारत को दिया सशक्त संविधान : किरण देव



आंबेडकर अधिकार मंच द्वारा कोटा में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा बाबा आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शर्बत वितरण कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सिख समाज ने लगाए गुरु महराज के जयकारे

# बैखासी पर्व पर गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन गायन

**रायपुर।** बैसाखी पर्व पर मंगलवार सुबह गुरुद्वारा स्टेशन रोड में शबद कीर्तन गायन संगत में गूंजा। कीर्तन गायन के बाद साध-संगत ने मिलकर सिख साजना दिवस बैसाखी पर गुरुद्वारे में 24 फीट ऊंचे निशान साहब को नया चोला साहिब पहनाया। गुरुद्वारे में सुबह 7.30 बजे शबद-कीर्तन गायन कर संगत को कीर्तनिये कुलदीप सिंह व जत्थे ने निहाल किया, जो 10 बजे तक चलता रहा। गुरुद्वारा स्टेशन रोड के प्रमुख ग्रंथी हरपाल सिंग ने अरदास की, केसरी निशान झूलता रहे, रंगीत नंगाड़ा बजता रहे, झूलते रहे निशान... गुरु महराज के जयकारों के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर सैकड़ों संगत ने उपस्थित होकर सिख साजना दिवस बैसाखी के उत्सव को खास बनाया। इस अवसर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष इंदरजीत सिंग छाबड़ा, सुरेंद्र सिंग छाबड़ा, कुलदीप सिंग चावला, निरंजन सिंग खनूजा, तेजिंदर सिंग होरा, मंजीत सिंग सलूजा, अमन सिंग, कल्याण सिंग लक्की, गुरदीप सिंग, हरजीत सिंग, मोहन सिंग, भगत सिंग समेत सैकड़ों संगत ने गुरुघर में बैसाखी का आनंद मनाया। वहीं रात को भी 7.30 से 10 बजे तक दीवान सजा और गुरु का लंगर अटूट वरता रहा। उक्त जानकारी श्री गुरुद्वारा स्टेशन रोड के उपाध्यक्ष तेजिंदर सिंग होरा ने दी।

> सिख साजना दिवस बैसाखी पर गुरुद्वारे में 24 फीट ऊंचे निशान साहब को नया चोला साहिब पहनाया



